RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-11 | अंक-03 | जयपुर, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026 | मूल्य-4 रूपये

**16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलनः** रक्षा, ऊर्जा और एआई समेत 129 समझौतों पर जताई सहमति

## भारत में 10 ट्रिलियन येन निवेश करेगा जापान

### पीएम मोदी ने ताकाइची को बताया छोटी बहन

### भारत में खाद के 1000 प्लांट लगेंगे

नई दिल्ली

भारत और जापान ने आर्थिक साझेदारी को नई रफ्तार देने का फैसला किया है। भारत-जापान जॉइंट इकोनोमिक फोरम में प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी कंपनियों की दिक्कतें दूर करने के लिए 'जापान बिजनेस वीक' शुरू करने का ऐलान किया। इसके तहत PMO के सीनियर अधिकारी सीधे जापानी निवेशकों से बातचीत करेंगे।

मोदी ने कहा कि आज दुनिया में बिकने वाली सुजुकी की दो-तिहाई कारें भारत में बन रही हैं और इन्हें 100 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जा रहा है। जापानी पीएम साने ताकाइची ने कहा कि जापान के सहयोग से देश में करीब 1000 खाद (फर्टिलाइजर) कारखाने लगाए जाएंगे।

दोनों देशों ने अगले 10 साल में भारत में 10 ट्रिलियन येन के जापानी निवेश का लक्ष्य भी रखा है।



### ऑटो सेक्टर जैसी साझेदारी अब एविएशन में भी होगी

*मोदी ने कहा कि भारत और जापान ऑटोमोबाइल सेक्टर की सफलता को अब जहाज निर्माण, एविएशन और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में भी दोहराएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश टैलेंट मोबिलिटी, स्किल डेवलपमेंट, टेक्निकल इंटर्नशिप, रिसर्च, शिक्षा और स्टार्टअप में सहयोग बढ़ाएंगे। मोदी ने बताया कि अगले साल भारत और जापान के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होंगे। इस मौके पर संस्कृति, पर्यटन और क्रिएटिव इकोनॉमी में भी साझेदारी मजबूत की जाएगी।*

पीएम मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के चौथे वाहन निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने साने ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान की तकनीक, निवेश और उत्पादन क्षमता का मेल दोनों देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

### ग्रीन हाइड्रोजन और न्यूक्लियर एनर्जी में सहयोग बढ़ाएंगे

भारत और जापान ने तेल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन और न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि भारत और जापान आर्थिक सुरक्षा को साझा सुरक्षा और ऊर्जा परिवर्तन को साझा अवसर मानते हैं। इसी दिशा में दोनों देशों ने इंडिया-जापान नेक्स्ट-जनरेशन मोबिलिटी पार्टनरशिप फ्रेमवर्क भी लॉन्च किया है।

### भारत-जापान भरोसे के मजबूत साझेदार

आज के वैश्विक अस्थिर माहौल में आपसी भरोसा सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है और भारत-जापान की साझेदारी इस कसौटी पर पूरी तरह खरी उतरती है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक कई क्षेत्रों में जापान ने भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दोनों देशों के बीच दोस्ती और भरोसे का मजबूत रिश्ता बना है।

### भारत-जापान ने आर्थिक सुरक्षा का रोडमैप बनाया

मोदी ने कहा कि भारत और जापान ने आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी और एडवांस्ड मैटेरियल्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सप्लाई चेन को मजबूत किया जाएगा। पीएम ने बताया कि दोनों देशों ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी कई अहम फैसले किए हैं। इंडिया-जापान बायोगैस इनिशिएटिव के तहत भारत में 1000 बायोगैस और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे गोबरधन योजना को मजबूती मिलेगी और गांवों में टिकाऊ विकास, समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### ताकाइची बोलीं- मोदी मेरे बड़े भाई जैसे



*ताकाइची ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपनी 'सुंदर छोटी बहन' कहा। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने आपसी रिश्ते को भाई-बहन की तरह आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि जापान की फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक (FOIP) नीति और भारत की महासागर (MAHASAGAR) पहल एक-दूसरे की पूरक हैं। इसी वजह से दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।*

## सुप्रीम कोर्ट बोला- फैसलों में एआई के फर्जी उदाहरण खतरनाक

### ये मिथाइल आइसोसाइनेट जैसे, इससे न्याय व्यवस्था को नुकसान, NCLT का फैसला रद्द

नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाए गए नकली कानूनी उदाहरणों का इस्तेमाल खतरनाक है। कोर्ट ने इसकी गंभीरता समझाने के लिए कहा कि यह खतरा उतना ही बड़ा है, जितना भोपाल गैस त्रासदी में जहरीली (एआई) गैस का रिसाव था। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने गुरुवार को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) का फैसला रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा- एआई से बनाए गए झूठे और गैर-मौजूद फैसलों को कोर्ट में असली बताकर पेश करना न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए ऐसे मामलों में अदालतों को बिल्कुल भी नरमी नहीं दिखानी चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि नकली कानूनी जानकारी दिखने में छोटी बात लग सकती है, लेकिन यह बहुत खतरनाक होती है। इससे न्यायिक प्रक्रिया खराब होती है और अदालत के फैसलों पर लोगों का भरोसा भी कम हो सकता है।

अदालत एआई तकनीक के खिलाफ नहीं है। समस्या एआई में नहीं, बल्कि उससे बनाई गई झूठी जानकारी को सच बताकर पेश करने में है। इसलिए एआई का इस्तेमाल सावधानी, जांच और इंसानी निगरानी के साथ ही किया जाना चाहिए। अगर कोई वकील बिना जांच किए एआई से मिली जानकारी को कोर्ट में पेश करता है, तो यह उसकी बड़ी पेशेवर गलती है। इसी तरह अगर कोई जज भी ऐसी गलत जानकारी पर भरोसा करता है, तो यह भी गंभीर चूक मानी जाएगी।

न्याय व्यवस्था में ईमानदारी और भरोसा बनाए रखना बहुत जरूरी है। एआई का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन अंतिम फैसला और जांच हमेशा इंसानों को ही करनी चाहिए। सिर्फ चेतावनी देना काफी नहीं है। अगर कोई गलती करता है, तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी होनी चाहिए।

## कृषि अधिकारियों की गाड़ी से 2.63 लाख रुपए जब्त

**कोटपूतली-बहरोड़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कृषि विभाग के अधिकारियों से 2 लाख 63 हजार 500 रुपए बरामद किए हैं। एसीबी की स्पेशल इनवेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शाहपुरा पुलिया के पास टाटा सफारी गाड़ी को रोककर तलाशी ली, जिसमें यह नकदी मिली। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया- ब्यूरो को सूचना मिली थी कि जयपुर से आई कृषि विभाग की टीम भिवाड़ी-कोटपूतली औद्योगिक क्षेत्र में खाद और कीटनाशक निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर रही है।

**राममंदिर चढ़ावा चोरी- आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी**

## चंपत राय पर एफआईआर के लिए वकीलों का प्रदर्शन, ट्रस्टी बोले- गलती गोपाल राव की

अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब ट्रस्ट के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। पहली बार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा- पूरी गलती गोपाल राव की है। वे राजनीति कर रहे हैं। वो सबको उलझा देते हैं। वो राम की परंपरा नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर के निर्माण प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य थे। मूल रूप से



कर्नाटक के रहने वाले हैं।

इस बीच, सुबह 11.45 बजे अयोध्या में 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतर आए। चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर FIR की मांग कर नारेबाजी करने लगे। सिविल लाइन चौकी जाकर उन तीनों समेत 4 लोगों के खिलाफ शिकायत दी।

चढ़ावा चोरी के आरोपियों के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लेने जा रही है। प्रशासन ने आरोपियों के नए घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी है।

## राजस्थान में 7 दिन की देरी से मानसून की एंट्री

### पूर्वी राजस्थान में झमाझम, आज 25 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट

जयपुर

राजस्थान में गुरुवार को मानसून की एंट्री हो गई। प्रदेश में 7 दिन की देरी से मानसून पहुंचा है। मानसून ने 16 जिलों झालावाड़, कोटा, बूंदी, भरतपुर, बारां, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, टोंक, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा और अलवर को कवर कर लिया।

मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के



दूसरे हिस्सों में भी मानसून के जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है। इस सीजन मानसून औसत से कम बरसने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने 4 महीने (1 जून से 30 सितंबर) का मानसून सीजन माना है। राजस्थान में मानसून की एंट्री का समय 25 जून निर्धारित है, जबकि विदाई का समय 17 सितंबर है। पीक समय जुलाई और अगस्त माना जाता है। बता दें कि इस बार देश में मानसून केरलम में निर्धारित समय से 4 दिन की देरी से एंटर हुआ था।

दौसा जिले के कई इलाकों में जल जमाव होने से लोगों को परेशानी हो रही है। दो दिन से बदले मौसम के कारण लोगों को गर्मी-उमस से राहत मिली है।

तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज भी 25 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर राजस्थान-पाकिस्तान के बॉर्डर वाले जिलों में अब भी तेज गर्मी का असर है। यहां तापमान 40 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड हो रहा है।

देरी से आए मानसून के कारण इस बार जून के अंत तक तेज गर्मी और उमस रही है। बीते 24 घंटे में राजस्थान के अधिकतर जिलों में मौसम बदला है। जयपुर, दौसा, अलवर, चित्तौड़गढ़ सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है।

## राज्यपाल के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**जयपुर।** राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की ओर से जारी बर्खास्तगी के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इससे राजस्थान यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में धांधली के आरोप में हटाए गए कुलपति देव स्वरूप को बड़ी अंतरिम राहत मिली है।

जस्टिस रेखा बोराणा की कोर्ट ने बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति पद से देव स्वरूप को हटाने के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा- प्रथम दृष्ट्या बर्खास्तगी का यह आदेश पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण और मनमाना प्रतीत होता है। ऐसे में इस पर रोक लगाई जाती है।

## डमी अभ्यर्थी बिठाकर बनी वनपाल, एसओजी ने गिरफ्तार किया

**जयपुर।** राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 की साल 2022 में हुई लिखित परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बिठाकर परीक्षा पास करने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है. उसने रीट भर्ती-2021 में भी अपनी जगह डमी अभ्यर्थी को बिठाकर परीक्षा दिलवाने का प्रयास किया था. लेकिन वह पकड़ी गई थी. वनपाल भर्ती के दस्तावेज सत्यापन और पुलिस वैरिफिकेशन में उसने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे की जानकारी छुपाई और वनरक्षक के पद पर जॉइन कर लिया.



आरोपी महिला से पूछताछ और मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है. एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि वनरक्षक भर्ती-2020 में डमी अभ्यर्थी बिठाकर परीक्षा पास करने के मामले में प्रमिला को गिरफ्तार किया है. उसके खिलाफ 2025 में आईपीसी और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया.

## बेंगलुरु में पत्थर खदान में चट्टान गिरी, 7 की मौत

बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। शुरुआत में पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी थी कि सभी मृतक बिहार के रहने वाले हैं। लेकिन, बाद में स्पष्ट किया गया कि 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था।

घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था।

इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से



चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा। हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे।

एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता, लेकिन उस समय नीचे करीब 18 लोग काम कर रहे थे। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

## दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम, स्पेशल सेल ने 4 आतंकियों को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई प्रायोजित एक अंतर-राज्यीय आतंकी और हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन पंजाब से और एक दिल्ली से है। ये आरोपी दिल्ली में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शुभदीप सिंह, गुरजंट सिंह, साजन सिंह और गगनप्रीत के रूप में हुई है। इन्हें आईएसआई हैंडलर शाहजाद भट्टी और उसके सहयोगियों के निर्देश पर काम करने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। ये नंबर उन्हें पाकिस्तानी हैंडलरों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे।

स्पेशल सेल ने आरोपियों के पास से दो विदेशी पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। एक आरोपी गगनप्रीत को दिल्ली में पुलिस प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की रेकी करने का काम सौंपा गया था। उसे दिल्ली में गोलीबारी की घटना को अंजाम देने का भी निर्देश दिया गया था।

**29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) का सफल समापन**

## एआई को सिर्फ अपनाएं नहीं, बल्कि इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें

जयपुर

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी से यह सम्मेलन और अधिक व्यापक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में




रखकर कार्य करने वाली फ्यूचरिस्टिक सरकार है। सरकार का सतत प्रयास है कि सुशासन के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए।

डॉ. सिंह ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अप्रासंगिक एवं पुराने कानूनों को समाप्त कर अभूतपूर्व पहल की है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिली है। उन्होंने मिशन कर्मयोगी और सीपीग्राम्स जैसे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के सुशासन मॉडल आज वैश्विक स्तर पर अपना दमखम दिखा चुके हैं। देश के ई-गवर्नेंस और प्रशासनिक नवाचारों को मॉरीशस, मालदीव, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका सहित अनेक देशों ने अपनाया है।

### जिम्मेदार और समावेशी आई की दिशा में आगे बढ़ रहा है देश

राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एक ओर जहां दुनिया एआई की चर्चा कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'जिम्मेदार और समावेशी एआई' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य केवल नवाचार करना नहीं, बल्कि उसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना भी है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि यह सम्मेलन गवर्नेंस को और प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे परिवर्तन की नई शुरुआत है। इस सम्मेलन ने हमें तकनीक का उपयोग कर शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा प्रदान की है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस केवल 'मैनेजिंग सिस्टम' तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि 'मैनेजिंग पॉसिबिलिटीज' का माध्यम बन गया है।

उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का राजस्थान को व्यापक लाभ मिलेगा। सम्मेलन के दौरान लगभग 200 वक्ताओं ने डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े अपने अनुभव, नवाचार और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियां साझा कीं।

## ट्रॉली के नीचे दबी 15 महिलाएं, 2 की मौत

भरतपुर



ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार काम पर जा रही 15 महिलाओं के साथ हादसा हो गया। जानवर को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। 15 महिलाएं ट्रॉली के नीचे दब गईं। इसमें 13 घायल हो गई जबकि 2 की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि महिलाओं ने ट्रैक्टर ड्राइवर से धीरे चलाने के लिए टोका भी कहा था। लेकिन, वह ट्रैक्टर दौड़ता रहा। हादसे में जान गंवाने वाली महिलाओं की ट्रॉली के नीचे दबने से पसलियां टूट गईं। सभी घायलों को पहले वैर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा भरतपुर जिले के वैर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। हादसे में मरने वालों में खुद ट्रैक्टर ड्राइवर की पत्नी भी शामिल है। वैर थाना प्रभारी धीरेंद्र ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिलाएं रायपुर गांव की तरफ खेतों में कृषि कार्य के लिए जा रही थीं। रायपुर गांव के पास ट्रैक्टर के सामने अचानक एक जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मरने वाली महिलाओं में मिथलेश (45) पत्नी वीरेंद्र और धौरी (35) पत्नी दान सिंह की मौत हुई है। ट्रैक्टर दान सिंह ही चला रहा था।

## 21 घंटे के संघर्ष के बाद बोरवेल में गिरे मासूम निर्भय ने तोड़ा दम

अंबाला (एजेंसी)। हरियाणा के अंबाला जिले के धनौरा गांव में उस वक्त मातम छा गया जब एक खुले बोरवेल में गिरे चार वर्षीय बच्चे निर्भय को 21 घंटे तक चले अथक बचाव अभियान के बाद भी बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। यह हृदयविदारक घटना उस समय हुई जब मासूम निर्भय खेलते-खेलते अचानक खुले पड़े बोरवेल में जा गिरा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन, भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया था। बच्चे को बाहर निकालने के लिए बचाव दल ने चौबीसों घंटे काम किया। बोरवेल के समानांतर एक गड्ढा खोदा गया, जिसमें ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई और लगातार बच्चे की स्थिति पर कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही थी। हालांकि, 21 घंटों की लगातार कोशिशों के बाद जब आखिरकार बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाला गया, तो उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी जांच की। मेडिकल ऑफिसर डॉ. ऋषिपाल के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान रेस्क्यू वाली जगह पर आप में से कई लोग सुबह से ही मौजूद थे। कई घंटों की लगातार कोशिशों के बाद बच्चे को आखिरकार बाहर निकाला गया और तुरंत इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भेजा गया। रेस्क्यू वाली जगह पर ही हमने देखा कि बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी। जब उसे अस्पताल लाया गया, तो हमने ईसीजी किया, जिससे पुष्टि हुई कि बच्चे की मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को मॉर्चरी में भेज दिया गया।

## राम मंदिर दान में गबन : साध्वी निरंजन ज्योति ने जाहिर की पीड़ा, जांच पर जताया भरोसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में हुए गबन पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रकरण से सभी रामभक्त और श्रद्धालु आहत हैं, लेकिन उन्हें विश्वास है कि जांच सही ढंग से हो रही है और दोषी पकड़े जाएंगे। साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि घटना से उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी चोट पहुंची है, क्योंकि उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में दिन-रात सेवा की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी और सरकार मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई और आठ-नौ लोगों की गिरफ्तारी का हवाला देकर कहा कि जांच उचित दिशा में है और सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। साध्वी निरंजन ज्योति ने ट्रस्ट पर उठ रहे सवालों पर कहा कि जिन लोगों पर भरोसा किया गया था, उन्हीं कार्य में जुटे लोगों ने विश्वासघात किया। उन्होंने घटना पर अपनी हैरानी जताकर कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद, इसतरह का प्रकरण का एक-दो साल में ही सामने आना बिल्कुल सही नहीं है। अखिलेश यादव की टिप्पणियों पर उन्होंने राजनीतिक टीका-टिप्पणी से बचने और जांच को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

## अमरनाथ यात्रा : रजिस्ट्रेशन शुरू, पंजीकरण के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

जम्मू (एजेंसी)। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में, बुधवार से जम्मू में यात्रियों के लिए मौके पर पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। प्रक्रिया शुरू होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारों में खड़े दिखे, जिससे यात्रा को लेकर उनका जबरदस्त उत्साह साफ दिखा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शुक्रवार को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले है। भक्तों ने यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की सराहना की। एक उत्साहित तीर्थयात्री ने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मुझे पहले बैच में मौका मिलेगा। मैं काफी समय से कोशिश कर रहा था। एक अन्य अनुभवी यात्री ने पिछली बार के मुकाबले इस बार की व्यवस्थाओं को और बेहतर बताया। कुछ श्रद्धालुओं ने पंजीकरण और आरएफआईडी कार्ड प्राप्त करने में थोड़ी प्रतीक्षा का अनुभव साझा किया, लेकिन उनका कहना था कि इसके बाद बाबा बर्फानी के दर्शन का विश्वास और सुकून मिल जाता है। इसी बीच, यात्रा का पहला जत्था रवाना होने से पहले श्रीनगर के ट्रांजिट कैंपों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी है। कई पहली बार यात्रा पर आए भक्त बेहद उत्साहित दिखे। एक महिला तीर्थयात्री ने अपनी आस्था व्यक्त कर कहा, मैं बाबा भोलेनाथ में आस्था लेकर आई हूं। उन्होंने हमें बुलाया है और वही दर्शन कराएंगे। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की, बताते हुए कि कैंप में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। गौरतलब है कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू होकर 28 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा के लिए दो मुख्य मार्ग हैं पहलगाम मार्ग, जिसमें मंदिर तक पहुंचने में लगभग चार दिन लगते हैं, और बालटाल मार्ग, जो छोटा है और अक्सर उसी दिन वापसी की जा सकती है।

## कोलकाता पुलिस ने 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाने पर लगाई पाबंदी

कोलकाता (एजेंसी)। टीएमसी ने बुधवार को कोलकाता पुलिस की ओर से 21 जुलाई को मध्य कोलकाता में निषेधाज्ञा लागू करने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। टीएमसी का कहना है कि इस इलाके में पार्टी हर साल 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाती है। कोलकाता पुलिस ने जानकारी दी गई कि इस साल सीईएससी हाउस के सामने शहीद दिवस मनाने की इजाजात नहीं दी जाएगी। कोलकाता पुलिस की ओर से उस इलाके में धारा 163 लागू कर दी है। इसके तहत एक ही समय और जगह पर तय संख्या से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। टीएमसी के बागी नेताओं की ओर से कोलकाता पुलिस के इस फैसले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन टीएमसी नेताओं ने कहा है कि वे इस मामले को कानूनी और राजनीतिक स्तर पर उठाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीएमसी के चार बार लोकसभा सांसद रहे कल्याण बनर्जी का कहना है कि पूरे इलाके में धारा 163 लागू करना और वह भी दो महीने के लिए गैर-कानूनी है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सीएम सुवेंदु अधिकारी लोगों के लोकतांत्रिक रूप से इकट्ठा होने और संगठित विरोध प्रदर्शनों से डरते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस आदेश के खिलाफ निश्चित रूप से कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हम केस दायर करेंगे। हम कानूनी और राजनीतिक, दोनों तरह से इसका मुकाबला करेंगे। हमें देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि लोगों के लोकतांत्रिक आंदोलन को इस तरह नहीं रोका जा सकता।

# राष्ट्र की प्रगति में डाक कर्मियों का अतुलनीय योगदान: गडकरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्र की प्रगति में अपने अथक समर्पण और निष्ठा से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डाक कर्मियों को राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस के अवसर पर पूरे देश ने सलाम किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इन कर्मठ सेवकों को बधाई दी, उनके बलिदान और जन-जन तक सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। यह दिवस उन लाखों डाक कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जो न केवल संदेशों और पार्सलों का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों को भी संचार और विश्वास की डोर से बांधे रखते हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा, राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पर हम अपने डाक कर्मचारियों के अटूट समर्पण, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं, जो देश भर में दूरियों को मिटाते हुए लाखों लोगों को आपस में जोड़ते हैं। उनकी अथक कोशिशों से यह सुनिश्चित होता है कि हर चिट्ठी, पार्सल और संदेश भरोसे, देखभाल और विश्वसनीयता के साथ अपनी मंजिल तक पहुंचे। आपकी अमूल्य सेवा के लिए दिल से आभार। गडकरी के ये शब्द भारतीय डाक सेवा के विशाल नेटवर्क और उसके पीछे की मानवीय शक्ति का सटीक चित्रण करते हैं। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी डाक कर्मियों की भूमिका को सराहा। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डाक कर्मियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण को राष्ट्र की प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि उनकी निष्ठा और जन-जन तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास देश के विकास में अहम है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश के कोने-कोने तक विश्वास, संवाद और सेवा का संदेश पहुंचाने में डाक कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को नमन किया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संचार, सेवा और विश्वास की डोर को सशक्त बनाने में डाक कर्मियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ ये कर्मी प्रत्येक नागरिक तक डाक, वित्तीय सेवाएं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी डाक कर्मियों की कर्मनिष्ठा, समयबद्ध सेवा और जनसमर्पण को देशवासियों के विश्वास का सशक्त माध्यम बताया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी डाक कर्मियों के अथक परिश्रम, निष्ठा और प्रतिबद्धता की सराहना की, जिसने देश के कोने-कोने तक संवाद और विश्वास



के सेतु को मजबूत किया है। भारतीय डाक सेवा, जो अपनी स्थापना के बाद से लगातार विकसित हो रही है, आज केवल चिट्ठियां पहुंचाने तक सीमित नहीं है। यह वित्तीय सेवाओं, बीमा योजनाओं, पासपोर्ट सेवाओं और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है।

## जनरल धीरज सेठ ने संभाला थलसेना प्रमुख का पदभार, पिता को किया सैल्यूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना के नए थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में आयोजित गार्ड ऑफ ऑनर समारोह में एक अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण दिखाई दिया। गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त करने के बाद, जनरल सेठ ने अपने पिता, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. सेठ, को सैन्य सैल्यूट किया। पिता ने भी पलटकर सैल्यूट किया, जिसके बाद नए सेना प्रमुख ने अपने पिता सहित वहां मौजूद परिजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य उपस्थित सैन्य अधिकारियों, जवानों और अतिथियों के लिए विशेष प्रेरणा का केंद्र रहा। इस समारोह में जनरल सेठ के छोटे भाई, रियर एडमिरल रवनीश सेठ भी मौजूद थे, जिन्होंने बड़े भाई को सैल्यूट कर अपनी खुशी व्यक्त की। भारतीय सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं में सेवा दे रहे इस परिवार की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चादं लगा दिए। यह सैन्य परंपरा, पारिवारिक संस्कारों और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट समर्पण का एक अनूठा संगम था। पदभार संभालने के बाद, भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख जनरल सेठ ने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करना उनके लिए गर्व और विनम्रता का विषय है। उन्होंने 'कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांतों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दिखाकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का संकल्प लिया। नए थलसेना प्रमुख ने राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। जनरल सेठ ने 30 जून 2026 को सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। इससे पहले वे सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सहित सभी पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान को नमन किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र जनरल सेठ ने दिसंबर 1986 में भारतीय सेना की बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था।

## सोनम वांगचुक की सेहत बिगड़ने पर दीपके ने केंद्र पर साधा निशाना

**-प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं में व्यस्त इन मुद्दों के लिए समय नहीं**

**-जंतर-मंतर पर जारी भूख हड़ताल के बीच शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षाविद् और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि वांगचुक का स्वास्थ्य लगातार खराब हो रहा है, लेकिन उनकी मांगों को लेकर उनका संकल्प पहले की तरह मजबूत बना हुआ है। दीपके ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री तो विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं, उनके पास इन मुद्दों के लिए समय ही नहीं है।

अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि सोनम वांगचुक की तबीयत हर घंटे बिगड़ रही है और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। इससे पहले उन्होंने एक अन्य पोस्ट में दावा किया था कि भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का वजन लगभग दो



किलोग्राम कम हो गया है तथा उनका रक्तचाप लगातार गिर रहा है।

सीजेपी पिछले 12 दिनों से जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी की प्रमुख मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें पद से हटाया जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली में हुई कथित अनियमितताओं की जवाबदेही तय करने की भी मांग की जा रही है। इन्हीं मांगों के समर्थन में सोनम वांगचुक ने रविवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है।

मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अभिजीत दीपके से पूछा गया कि विरोध प्रदर्शन के बीच देश में दो अन्य परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस पर उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के पास इन मुद्दों के लिए समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकताएं अलग हैं और छात्रों की परीक्षाओं से जुड़े गंभीर मामलों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने राघव चड्ढा के खिलाफ आपत्तिजनक दस्तावेज हटाने को कहा

**-पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा को लेकर व्यापक अंतरिम आदेश से अदालत का इनकार**

**-राजनीतिक आलोचना वाली सामग्री नहीं हटेगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें आंशिक राहत दे दी है। अदालत ने सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित पांच आपत्तिजनक दस्तावेज हटाने का निर्देश दिया है, लेकिन कथित मानहानिकारक सामग्री को हटाने या उनके व्यक्तित्व अधिकारों (पर्सनैलिटी राइट्स) की सुरक्षा के लिए कोई व्यापक अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया है। इस आदेश के आधार पर कहा जा रहा है कि राजनीतिक आलोचनाओं वाली सामग्री नहीं हटाई जा सकेगी।

जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने कहा कि जिन पांच दस्तावेजों पर याचिकाकर्ता ने



विशेष आपत्ति जताई थी, उन्हें हटाया जाए। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि शेष सामग्री प्रथम दृष्ट्या मानहानिकारक या व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में नहीं आती। इससे पहले 21 मई को अंतरिम राहत की मांग पर सुनवाई के दौरान भी अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि मामला पर्सनैलिटी राइट्स से अधिक राजनीतिक आलोचना का प्रतीत होता है। अदालत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक नेताओं के निर्णयों की आलोचना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है और ऐसे मामलों में व्यक्तित्व अधिकारों तथा मानहानि के दावों के बीच अंतर करना आवश्यक है।

राघव चड्ढा ने अपनी याचिका में सोशल मीडिया पर प्रसारित एआई-जनित डीपफेक वीडियो, मॉर्फ्ड तस्वीरों, सिंथेटिक वॉयस क्लोनिंग, मनगढ़ंत भाषणों और अन्य भ्रामक डिजिटल सामग्री पर रोक लगाने की मांग की थी। अदालत को बताया गया कि कुछ तस्वीरों में उन्हें साड़ी पहने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन पर पैसे बरसाते हुए दिखाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस प्रकार की सामग्री का उद्देश्य यह संदेश देना है कि उन्होंने राजनीतिक लाभ या धन के लिए अपना पक्ष बदल लिया। सुनवाई के दौरान चड्ढा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने दलील दी कि संबंधित सामग्री अश्लील, भ्रामक और मानहानिकारक है। वहीं, अदालत ने टिप्पणी की कि एक राजनीतिक नेता को आलोचना और व्यक्तिगत हमले के बीच अंतर समझना चाहिए तथा हर आलोचनात्मक सामग्री को व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जा सकता। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि प्रतिवादियों की पहचान स्पष्ट न होने की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर एमिकस क्यूरी (अदालत की सहायता के लिए नियुक्त अधिवक्ता) नियुक्त किया जा सकता है। फिलहाल, अदालत ने केवल पांच दस्तावेज हटाने के निर्देश देते हुए व्यापक अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है।

# मणिपुर सीमा पर टेंशन, नागा नाकाबंदी के खिलाफ सड़क पर उतरे कुकी

**सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला**

**इंफाल (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत में शांति की स्थापना की राह अभी भी चुनौतियों से भरी दिख रही है। मणिपुर में हालिया हिंसा की घटनाओं के बाद अब एक बार फिर हालात संवेदनशील हो गए हैं। इस बार तनाव का केंद्र नागा संगठनों द्वारा जारी आर्थिक नाकाबंदी और उसके खिलाफ कुकी समुदाय का तीखा विरोध है। इम्फाल वेस्ट और कांगपोकपी जिले की सीमा पर मंगलवार को उस समय स्थिति गरमा गई जब लगभग 200 कुकी प्रदर्शनकारी नाकाबंदी के विरोध में मार्च निकालते हुए आगे बढ़ने लगे। हालांकि, सुरक्षाबलों ने समय रहते उन्हें रोक लिया और किसी भी बड़ी झड़प को टालते हुए हालात को बिगड़ने से बचा लिया। यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि मणिपुर में जातीय तनाव अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है और किसी भी छोटी चिंगारी से एक बार फिर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, कांगपोकपी जिले के मोटबुंग और गामगिफाई इलाके से लगभग 200 कुकी प्रदर्शनकारी गामगिफाई में एकत्र हुए और इम्फाल वेस्ट के कांगलाटोंगबी क्षेत्र के नामदिलोंग की ओर मार्च करने लगे। उनका मुख्य आरोप था कि नागा संगठनों की लगातार जारी आर्थिक नाकाबंदी से आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदर्शनकारी नेशनल हाईवे पर सामान्य आवाजाही बहाल करने और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को गामगिफाई से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी और स्थिति को नियंत्रित



रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। हालांकि किसी बड़े टकराव की खबर नहीं है, लेकिन पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है और प्रशासन लगातार दोनों पक्षों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

पिछले कई हफ्तों से नागा सिविल सोसायटी संगठनों द्वारा एनएच-2 पर विरोध प्रदर्शन और आर्थिक नाकाबंदी जारी है। यह आंदोलन विशेष रूप से छह नागा नागरिकों की हत्या के विरोध में किया जा रहा है। बीते सप्ताह भी उस समय झड़प हुई थी, जब सुरक्षा बलों ने कुकी नागरिकों को सुरक्षा के घेरे में इस मार्ग से निकालने की कोशिश की थी, जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। कुकी-जो संगठन कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने शनिवार आधी रात से केंद्र और मणिपुर सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। संगठन ने मांग की थी कि कांगपोकपी जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय राजमार्गों पर आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों और अन्य जरूरी सामान की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाए। चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो विरोध प्रदर्शन और तेज किए जा सकते हैं।

**दवाओं की भी आपूर्ति हुई ठप**

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस पूरे विवाद की जड़ उन छह नागा नागरिकों की हत्या है, जिनके लिए न्याय की मांग करते हुए नागा संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर व्यापक आर्थिक नाकाबंदी कर रखी है। इस नाकाबंदी से कांगपोकपी जिले में आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों और रोजमर्रा की चीजों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिससे कुकी समुदाय में भारी नाराजगी है। इसी नाराजगी के चलते कुकी समुदाय के लोगों ने इस प्रदर्शन का निर्णय लिया। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा क्षेत्र में पहले से ही बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात थे।

## डीएमके का 100 करोड़ का मानहानि केस वापस : अन्नामलाई ने कहा, अपने हर आरोप पर कायम

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की राजनीति में मंगलवार को अहम मोड़ आया, जब भाजपा के पूर्व नेता के. अन्नामलाई ने दावा किया कि डीएमके सांसद टी.आर. बालू ने उनके खिलाफ दायर 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा वापस लिया है। इस घटनाक्रम के बाद अन्नामलाई ने कहा कि वे सत्ताधारी पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ लगाए गए अपने सभी भ्रष्टाचार के आरोपों पर आज पूरी तरह कायम हैं।

यह कानूनी विवाद अन्नामलाई के बहुचर्चित डीएमके फाइल्स कैंपेन से जुड़ा है, जिसके तहत उन्होंने सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेताओं, विशेषकर टी.आर.बालू और उनके परिवार की कथित संपत्तियों का ब्यौरा सार्वजनिक किया था। अन्नामलाई ने हुए बताया कि बालू ने डीएमके फाइल्स के माध्यम से उनके और उनके परिवार की संपत्ति व कंपनियों की जानकारी प्रकाशित करने के लिए यह मानहानि का केस दायर किया था।

अन्नामलाई ने बताया कि सुनवाई के



दौरान उन्होंने खुद मामले में पैरवी की और व्यक्तिगत रूप से बालू से जिरह की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिरह के दौरान बालू ने अदालत में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसके जवाब में उन्हें डीएमके सांसद के खिलाफ एक अलग मामला दायर करना पड़ा था। अन्नामलाई ने कहा, आज, थिरु टी.आर. बालू ने अपनी मर्जी से मेरे खिलाफ दायर मानहानि का केस वापस लेने का फैसला किया।

भाजपा के पूर्व नेता ने स्पष्ट किया कि केस वापस लेना बालू का अपना निर्णय था, लेकिन वे पिछली डीएमके सरकार और पार्टी के कुछ सदस्यों के खिलाफ की गई हर एक टिप्पणी पर अडिग हैं। उन्होंने अपनी कानूनी टीम और समर्थन देने वाले वकीलों को धन्यवाद देकर पोस्ट का समापन सत्य की हमेशा जीत होती है ! के कथन के साथ किया। यह घटनाक्रम अन्नामलाई द्वारा हाल ही में घोषित वी द लीडर्स आंदोलन के राजनीतिक पार्टी में बदलने की तैयारी के बीच आया है, जिसका लक्ष्य जुलाई तक 50 लाख सदस्य जोड़कर तमिलनाडु में गवर्नेंस, भ्रष्टाचार और ड्रग्स की बढ़ती समस्या जैसे मुद्दों पर एक मजबूत राजनीतिक विकल्प प्रदान करना है।

## मंगलुरु में बारिश में मकान पर गिरा मलबा, दो बच्चियों समेत तीन की मौत

मंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मंगलुरु में बारिश में एक मकान ऊंचाई से गिरे मलबे में दब गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। तीन घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि वे खतरे से बाहर हैं। मंगलुरु के नागोरी में कंकनाडी पुलिस स्टेशन के पीछे यह घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई जब ऊंचाई पर बने एक घर की कंपाउंड वॉल चार अलग-अलग इमारत पर गिर गई। एक घर का पिछला हिस्सा पूरी तरह से ढह गया। इससे मकान में रहने वाले लोग अंदर फंस गए। घटना के तुरंत बाद लोग और बचाव दल मौके पर पहुंचे। आपातकालीन कर्मियों ने एक पुरुष और दो लड़कियों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, मलबे के नीचे फंसी एक महिला और दो लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव अभियान के बाद उनके शव बरामद किए गए।

# रात भर हुई मूसलाधार बारिश से मुंबई में कई सड़कें जाम, पेड़ गिरने से छात्र की मौत

**-भारी जलजमाव के चलते अंधेरी सबवे पर यातायात बंद, कई जिलों में अलर्ट जारी**

**गांधीनगर (एजेंसी)।** मुंबई, (ईएमएस)। मुंबई और उसके उपनगरीय इलाकों में रात भर हुई मूसलाधार बारिश से आर्थिक राजधानी के पहिये धीमे हो गए। भारी जलजमाव के कारण अंधेरी सबवे को एहतियातन यातायात के लिए बंद करना पड़ा। रात भर हुई भारी बारिश से आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है और लोगों ने एक्स पर ट्रैफिक में देरी की जानकारी दी है। प्रभावित इलाकों में ट्रैफिक को दूसरी तरफ मोड़ने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। भारी बारिश के बाद सोमवार और मंगलवार को भी अंधेरी सबवे में पानी भर गया था। हालांकि दिन में पानी कम हो गया था, लेकिन रात में फिर से हुई बारिश के कारण दोबारा पानी भर गया, जिससे अधिकारियों को पूर्व-पश्चिम को जोड़ने वाले इस अहम रास्ते को फिर से बंद करना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मानसून की बारिश ने मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में ज़ोरदार दस्तक दी, जिससे बड़े पैमाने पर अव्यवस्था और ट्रैफिक में रुकावटें आईं और उपनगरों में एक दुखद घटना भी हुई। पश्चिमी उपनगरों में कई जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं हुईं, जिससे सड़कें बुरी तरह जाम हो गईं। डीएन नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक पेड़ उखड़कर गिर गया, जिससे एक बस को नुकसान पहुंचा और आसपास की चीजें कुचल गईं, जिससे लोकल ट्रैफिक रुक गया।

ईस्टर्न फ्रीवे पर कम विजिबिलिटी और फिसलन भरी सड़कों के कारण मंगलवार सुबह दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। अंधेरी में स्वामी विवेकानंद रोड पर भी एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ काटने वाली मशीनों के साथ नगर निगम के कर्मचारियों को तैनात किया। कम विजिबिलिटी और धीमी गति से ट्रैफिक चलता रहा क्योंकि मुंबई में ज़ोरदार बारिश हो रही थी। फ्रीवे पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई, जिससे और देरी हुई; दुर्घटना में घायल लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिली है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और उसके आसपास के उपनगरों में लगातार भारी बारिश और बीच-बीच में आंधी-तूफान की भविष्यवाणी की है और नागरिकों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और कमज़ोर ढांचों और घने पेड़ों वाले इलाकों से दूर रहें। इस बीच, चेंबूर में एक स्कूल बस पर बड़ा पेड़ गिरने से 11 साल के छात्र की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। भारी बारिश और तेज़ हवाओं ने मुंबई में तबाही मचाई।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि फिलहाल भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना कम है और इस इलाके के लिए चेतावनी का स्तर बढ़ा दिया है। कोंकण क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट क्योंकि तट पर लगातार भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। पुणे ज़िले के



लिए ऑरेंज अलर्ट क्योंकि पहाड़ी रास्तों पर तेज़ बारिश हो रही है और छोटे-मोटे भूस्खलन का खतरा है और पुणे शहर के लिए येलो अलर्ट क्योंकि हल्की से मध्यम बारिश लगातार हो रही है।

# सुलतान शाह बावड़ी के पास चला पीला पंजा, प्रशासन ने हटाया वर्षों पुराना अतिक्रमण

**200 जवानों की कड़ी सुरक्षा, निषेधाज्ञा के बीच जेसीबी गरजी, आधा दर्जन कथित मजारें और अस्थायी कब्जे हटाए गए**



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शहर में गुरुवार का दिन प्रशासनिक सख्ती, भारी सुरक्षा और बहुप्रतीक्षित कार्रवाई के नाम रहा। पुराने बस स्टैंड के पास स्थित सुलतान शाह की बावड़ी के पास में नगर पालिका शाहपुरा ने वर्षों से चले आ रहे विवादित अतिक्रमण पर आखिरकार बड़ा प्रहार करते हुए पीला पंजा चला दिया। सुबह से ही प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गया और देखते ही देखते विवादित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान शहर में तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रित माहौल बना रहा।

यह कार्रवाई केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे प्रशासन की कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता और न्यायालय के आदेशों के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में भी देखा जा रहा है। क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही कड़े बंदोबस्त कर रखे थे।

### निषेधाज्ञा लागू, पूरे शहर में हाई अलर्ट

कार्रवाई से पहले ही शाहपुरा उपखंड अधिकारी सुनील मीणा ने संभावित संवेदनशीलता को देखते हुए बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। प्रशासन ने साफ संकेत दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सुबह होते ही पूरे विवादित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई और चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात कर दिए गए। पुराने बस स्टैंड से बावड़ी क्षेत्र तक हर आने-जाने वाले मार्ग पर पुलिस की पैनी नजर थी। स्थानीय लोगों के बीच कार्रवाई को लेकर उत्सुकता और चर्चा दोनों बनी रही।

### वक्फ कमेटी ने मांगा समय, प्रशासन ने किया इंतजार

कार्रवाई शुरू होने के दौरान वक्फ कमेटी के सदर हमीद खान अपने अधिवक्ता ताज मोहम्मद के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि वे संबंधित मजारों को सम्मानपूर्वक हटाने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए कुछ समय दिया जाए। प्रशासन ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए सहयोगात्मक रवैया अपनाया और स्पष्ट कहा कि यदि हटाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी जाए तो इंतजार किया जा सकता है। करीब एक घंटे तक प्रशासन ने संयम बनाए रखा और कार्रवाई रोके रखी। लेकिन निर्धारित समय में हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद प्रशासन ने निर्णय लेते हुए जेसीबी मशीनों को आगे बढ़ाया।

### गरजा पीला पंजा, ध्वस्त हुए कच्चे निर्माण

कुछ ही क्षणों में जेसीबी मशीनों ने विवादित क्षेत्र में बने कच्चे निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान आधा दर्जन कथित मजारों को हटाया गया। इसके अलावा शेष भूमि पर वर्षों से बनी अस्थायी सब्जी मंडी की केबिनों और अन्य कब्जों को भी ध्वस्त कर दिया गया। पीले पंजे की गर्जना के साथ वर्षों पुराना कब्जा धीरे-धीरे साफ होता गया। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई को गंभीरता से देखा। कई लोग मोबाइल कैमरों में दृश्य कैद करते नजर आए।

### हर गतिविधि पर नजर

कार्रवाई की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलेभर से भारी पुलिस बल बुलाया गया। करीब 200 पुलिस जवानों का जाब्ता तैनात किया गया ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। पुलिस जवान आस पास के मकानों की छतों पर भी तैनात रहे।

कार्रवाई के दौरान एएसपी राजेश आर्य, डिप्टी ओमप्रकाश विश्नोई, थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश साहू, तहसीलदार भीवंराज परिहार सहित राजस्व, पुलिस और नगर पालिका के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की रणनीति इतनी मजबूत थी कि किसी प्रकार का विरोध उग्र रूप नहीं ले सका। हर गतिविधि पर वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी निगरानी बनी रही।

### वर्षों पुराना था विवाद

सुलतान शाह की बावड़ी के आसपास की भूमि लंबे समय से विवाद का केंद्र बनी हुई थी। इस भूमि पर वक्फ कमेटी और नगर पालिका शाहपुरा के बीच स्वामित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही थी। वक्फ कमेटी ने लगभग एक बीघा 10 बिस्वा भूमि पर अपना दावा जताया था और इसे वक्फ संपत्ति बताया था। मामला राजस्थान वक्फ ट्रायब्यूनल तक पहुंचा, जहां विस्तृत सुनवाई के बाद ट्रायब्यूनल ने बड़ा फैसला सुनाया। ट्रायब्यूनल ने वक्फ कमेटी के बड़े दावे को खारिज करते हुए केवल 9 गुणा 22 फीट भूमि पर ही उनका अधिकार स्वीकार किया। इसी आदेश के बाद नगर पालिका को विवादित भूमि पर कार्रवाई का रास्ता साफ मिला।

### शहर में चर्चा का केंद्र बनी कार्रवाई

सुलतान शाह बावड़ी के पास में हुई यह कार्रवाई पूरे शाहपुरा शहर में चर्चा का मुख्य विषय बनी रही। लंबे समय से विवादों में घिरी भूमि पर प्रशासन की निर्णायक कार्रवाई ने साफ संदेश दिया कि न्यायालय के आदेशों की पालना हर हाल में होगी और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगरवासियों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि वर्षों से अटके इस मामले में आखिरकार प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया। अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का आगे किस प्रकार उपयोग किया जाएगा। गुरुवार की यह कार्रवाई शाहपुरा प्रशासन के लिए एक बड़ी परीक्षा थी और प्रशासन ने इसे सख्ती, रणनीति और संयम के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर दिया।

### नोटिस के बाद भी नहीं हटा कब्जा

नगर पालिका ने कार्रवाई से पहले सार्वजनिक नोटिस जारी कर संबंधित लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नोटिस के बाद कुछ सब्जी विक्रेताओं ने स्थिति की गंभीरता समझते हुए अपने अस्थायी ढांचे हटाने शुरू भी कर दिए थे। हालांकि विवादित हिस्से में कई अस्थायी निर्माण, केबिनें और कथित धार्मिक ढांचे अब भी मौजूद थे। प्रशासन ने अंतिम समय तक स्वैच्छिक हटाने का अवसर दिया, लेकिन जब पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई तो जेसीबी को मैदान में उतार दिया गया।

### कोर्ट आदेश की पालना हुई

एएसपी राजेश आर्य ने कार्रवाई के बाद कहा कि पूरी कार्रवाई न्यायालय और वक्फ ट्रायब्यूनल के आदेशों की पालना में की गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की मांग को देखते हुए जिले से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया था। प्रशासन की प्राथमिकता शांति और कानून व्यव-स्था बनाए रखना थी, और कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वहीं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश साहू ने बताया कि ट्रायब्यूनल के आदेश के अनुसार 9 गुणा 22 फीट भूमि को यथावत छोड़ते हुए बाकी संपूर्ण भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है।

---

## वीबी-जी रैम-जी मिशन के जिला स्तरीय शुभारंभ में ग्रामीण विकास पर जोर



स्मार्ट हलच / मांडलगढ़

महुआ ग्राम में वीबी-जी रैम-जी (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) के जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उप-स्थिति में मिशन की शुरुआत की गई। इस दौरान पौधरोपण कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन एवं ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से विकास योजनाओं को गति देने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मिशन का उद्देश्य गांवों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया, उपखंड अधिकारी स्वाति झा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रशासक, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन एवं पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## चारागाह बचाने के लिए खून से लिखा ज्ञापन, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा, चारागाह भूमि से मिट्टी चोरी का आरोप

### ग्रामीणों ने श्याम कंस्ट्रक्शन पर एफआईआर और ब्लैकलिस्ट करने की उठाई मांग





स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** पीपलून्द ग्राम के समस्त ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर पीपलून्द बाईपास सड़क निर्माण कार्य कर रही श्याम कंस्ट्रक्शन कम्पनी, उसके प्रतिनिधियों और ठेकेदार पर राजकीय चारागाह (गोचर) भूमि से अवैध रूप से मिट्टी और पेड़ों का दोहन कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई, राजस्व की वसूली तथा कम्पनी को ब्लैकलिस्ट किए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि पीपलून्द में राष्ट्रीय राजमार्ग/मेगा हाईवे के तहत नवीन बाईपास सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा टेंडर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए राजकीय चारागाह की बेशकीमती गोचर भूमि से भारी मात्रा में मिट्टी निकालकर डम्परों के माध्यम से बाईपास निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए एलएनटी, जेसीबी और अन्य मशीनों का उपयोग कर सरकारी भूमि से मिट्टी का अवैध दोहन किया गया, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हुई। चारागाह भूमि में स्थित हरे-भरे पेड़, विशेषकर खेजड़ी सहित अन्य वृक्षों को काटकर उनकी लकड़ी भी ले जाई गई, जिससे अरावली क्षेत्र और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है। मिट्टी के अवैध दोहन से चारागाह भूमि का स्वरूप बिगड़ गया है और सैकड़ों वृक्ष नष्ट हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि श्याम कंस्ट्रक्शन कम्पनी के मालिक, प्रतिनिधियों एवं ठेकेदार द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर संगठित तरीके से गोचर भूमि से मिट्टी चोरी कर उसे बाईपास निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा कार्य लंबे समय से संचालित होने का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध मिट्टी दोहन के विरोध में आवाज उठाने वाले ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां देकर परेशान किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने खून से ज्ञापन लिख कर जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध अविलंब मुकदमा दर्ज किया जाए, अवैध रूप से उपयोग की गई मिट्टी का राजस्व वसूल किया जाए, पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए तथा श्याम कंस्ट्रक्शन कम्पनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए।

## राजस्थान में मानसून की एंट्री: 7 दिन की देरी के बाद पूर्वी हिस्से में पहुंचा



### भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** सामान्य तिथि से 7 दिन की देरी के बाद आखिरकार दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बुधवार (2 जुलाई) को राजस्थान के पूर्वी हिस्से में प्रवेश कर लिया। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा टोंक, जयपुर और अलवर से होकर गुजर रही है। अगले 2 से 3 दिनों में मानसून के राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेजी से आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है।

मानसून के प्रवेश के साथ ही प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और जयपुर संभाग के कई इलाकों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं कोटा संभाग के कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश होने का भी अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग के अनुसार जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में अगले 5 से 7 दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में कई जगह भारी, जबकि कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश दर्ज हो सकती है।

पश्चिमी राजस्थान में भी मौसम करवट लेने वाला है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कई हिस्सों में आगामी दिनों में आंधी और बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे लंबे समय से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना वाले क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी है।

## नगरपरिषद की लापरवाही से टैग लगे गोवंश गौशाला से बाहर कर रहे विचरण

स्मार्ट हलचल| बूंदी

नगरपरिषद एवं पशु विभाग बूंदी की लापरवाही व अनदेखी से शहरो में मुख्य रोड पर एवं गलियों में असहाय मवेशियों का जम घट लगा रहने से हर पल आम जन अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है। कहने को तो तीन चार गोशाला शहर के आस पास हैं लेकिन उनमें सिमित रूप से ही गोवंश रखे जा रहे हैं।

समय समय पर गौशालयों का निरीक्षण नहीं होने से टैग लगे गोवंश भी मुख्य रोड एवं गलियों में देखै जा सकते हमारे संवाददाता ने जाकर देखा तो काला महलों की गली में टेग लगे गोवंश घूमते देखे गए। जिनसे आमजन को हमेशा खतरा महसूस होता रहता है। स्थानीय निवासीयों से जानकारी लेने पर बताया कि हमें हमेशा इन गोवंश से भय लगा रहता है कि कहीं कोई हादसा ना हो जाए।

गोशाला में गोवंश पर टेग लगाने की व्यवस्था है तो यह एक विचारणीय प्रश्न है कि गोशाला से टेग लगे गोवंश गोशाला से बाहर कैसे आ जाते हैं। जिस किसी भी गोशाला से यह गोवंश बाहर आये है उस गोशाला पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गोशाला से बाहर विचरण कर रहे गोवंश को गोशाला भेजा जावे। ताकि आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस करें।

## ब्यावर में वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार: प्रचोदयात संस्था ने कट्टे से रेस्क्यू किए 4 कछुए, आरोपी वन विभाग के हवाले

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** उदयपुर रोड पर वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जीव-जंतु एवं प्रकृति संरक्षण के लिए समर्पित 'प्रचोदयात संस्था' ने चार जलीय कछुओं को तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया है। संस्था के सदस्यों ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को कछुओं के साथ रंगे हाथों पकड़कर वन विभाग की टीम को सौंप दिया।

### कट्टे में भरकर बेचने जा रहा था आरोपी

जानकारी के अनुसार, प्रचोदयात संस्था को गुप्त सूचना मिली थी कि उदयपुर रोड पर करण नामक व्यक्ति एक कट्टे में चार जलीय कछुओं को भरकर उन्हें अवैध रूप से बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही संस्था के सदस्य महेंद्र पंवार, भागचंद, शेखर सांखला, धर्मराज गुर्जर और हेमंत शर्मा तुरंत मौके पर पहुँचे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध व्यक्ति को रोका और तलाशी ली, तो कट्टे के अंदर से चार जलीय कछुए सुरक्षित बरामद हुए।



### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

संस्था के पदाधिकारियों ने तुरंत इस मामले की जानकारी वन विभाग को दी। इसके बाद बरामद किए गए चारों कछुओं और आरोपी करण को कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर वन विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया। अब वन विभाग वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहा है, वहीं रेस्क्यू किए गए कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास (जलस्रोत) में सुरक्षित छोड़ा जाएगा।

### अवैध व्यापार की सूचना तुरंत प्रशासन को दें: संस्था

कार्रवाई के बाद प्रचोदयात संस्था ने आमजन से अपील की है कि वन्यजीवों का शिकार, तस्करी, खरीद-फरोख्त या उन्हें घर में कैद रखना कानूनन संगीन अपराध है। यदि किसी भी नागरिक को वन्यजीवों के अवैध व्यापार की भनक लगे, तो वे तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचित कर एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं।

## पट्टा जारी करने के नाम पर 50 हजार लेते कर्मचारी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर नगर निगम के हवामहल-आमेर जोन में गुरुवार को रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पट्टा/लीज शाखा में कार्यरत एक कर्मचारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आरोप है कि उसने मकान का पट्टा जारी करने की एवज में परिवादी से दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

एसीबी के अनुसार, परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता के नाम मकान का पट्टा जारी करने के बदले निगम के पट्टा/लीज शाखा में कार्यरत रामसिंह यादव लगातार रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई की।

पूर्व नियोजित योजना के तहत एसीबी टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये स्वीकार किए, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद नगर निगम कार्यालय में हड़कंप मच गया।



एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके आवास एवं अन्य संभावित ठिकानों पर भी जांच और तलाशी की कार्रवाई जारी है।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में जयपुर नगर निगम में रिश्वतखोरी के मामलों पर एसीबी लगातार कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 29 जून को निगम के एक कनिष्ठ अभियंता को भी निर्माण कार्य नहीं रुकवाने के बदले कथित रूप से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

एसीबी ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो उसकी सूचना तत्काल ब्यूरो को दें, ताकि भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## झूठे मुकदमों से दूसरों को फंसाने और पुलिस को गुमराह करने वालों पर राजस्थान पुलिस सख्त: एक महीने में 75 दोषियों को जेल-जुर्माना

### राजस्थान पुलिस की प्रभावी पैरवी का असर

स्मार्ट हलचल| जयपुर

राजस्थान में अगर कोई व्यक्ति किसी से अपनी निजी दुश्मनी निकालने के लिए पुलिस में बलात्कार, लूट या किसी अन्य गंभीर अपराध की झूठी कहानी गढ़कर एफआईआर दर्ज कराता है, तो अब उसका बचना नामुमकिन है। पुलिस को गुमराह करने और निर्दोष नागरिकों को परेशान करने वाले ऐसे समाजकंटकों के खिलाफ महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस ने गंभीरता दिखाई है और पिछले दिनों से कोर्ट के माध्यम से बड़ा विधिक अभियान छेड़ रखा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध) श्री बिपिन कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस की मजबूत पैरवी के कारण जून महीने (01 जून से 28 जून 2026) के दौरान पूरे प्रदेश में 75 ऐसे मामलों में न्यायालयों ने फैसला सुनाया है, जहाँ कोर्ट ने झूठी कहानी रचने वाले दोषियों को सजा और आर्थिक जुर्माने से दंडित किया है। इसके साथ ही, पुलिस की मुस्तैदी से 1,870 ऐसे मामलों में अदालतों ने संज्ञान लिया है, जिनमें झूठी शिकायत करने वालों पर अब बकायदा केस चलाया जाएगा।

जिलों ने किया बेहतरीन काम:

जब पुलिस अपनी तफ्तीश में किसी मामले को झूठा पाती है तो न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। इसमें राज्य के कई जिलों ने बेहतरीन काम किया है।

झूठी कहानियां रचने वालों को कोर्ट के कटघरे में खड़ा करने में नागौर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा, जहाँ अकेले जून महीने में 292 नए मामलों पर कोर्ट ने संज्ञान लिया, वहीं जयपुर ग्रामीण 247 नए मामलों के साथ दूसरे स्थान पर तथा अलवर (212) तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा जयपुर दक्षिण में 139, कोटपुतली-बहरोड़ में 120, हनुमानगढ़ में 110, जयपुर पश्चिम में 71 और जयपुर उत्तर में 59 ऐसे मामलों में कानूनी शिकंजा कसा गया है।

तथ्य छुपाकर गुमराह करने वालों को मिली सजा

जून महीने में कुल 75 मामलों में कोर्ट ने दोषियों को सजा दी और जुर्माना ठोका। मजबूत विधिक पैरवी के दम पर हनुमानगढ़ पुलिस ने रिकॉर्ड 18 मामलों में दोषियों को कोर्ट से सजा व जुर्माना मुकर्रर कराया। इस अभियान के दौरान प्रतापगढ़ पुलिस की सटीक पैरवी कोर्ट ने 9 मामलों में दोषियों को सजा सुनाई।

इसके अतिरिक्त जयपुर ग्रामीण में 6 मामलों, कोटा शहर में 5, अलवर, बांसवाड़ा व ब्यावर में 4-4, सवाई माधोपुर में 3, जयपुर दक्षिण, धौलपुर, झुंझुनू, डूंगरपुर, सिरोही, झालावाड़ और भीलवाड़ा में 2-2 तथा बीकानेर चूरू और जीआरपी अजमेर के 1-1 मामले में कोर्ट ने सख्त फैसला सुनाया। कई लोग जमीन के विवाद, पैसों के लेन-देन या आपसी रंजिश के कारण दूसरों को डराने के लिए पुलिस तंत्र का गलत इस्तेमाल करते हैं। इससे न केवल पुलिस का कीमती समय बर्बाद होता है, बल्कि उन वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी होती है जिन्हें पुलिस की सबसे ज्यादा जरूरत है। पुलिस मुख्यालय ने साफ चेतावनी दी है कि जो कोई भी व्यक्ति झूठे साक्ष्य गढ़ेगा या झूठी एफआईआर कराएगा, उसके खिलाफ कोर्ट के माध्यम से त्वरित ट्रायल कराया जाएगा।

# ग्रामीण सेवा शिविरों से बदली गांवों की स्वास्थ्य तस्वीर, 34 हजार से अधिक लोगों को मिला उपचार

## 201 शिविरों में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी मुक्त भारत अभियान और आयुष्मान योजना पर विशेष फोकस, 4,090 लोगों को मिले आयुष्मान कार्ड

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिलेभर में आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन शिविरों के माध्यम से दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को एक ही स्थान पर जांच, उपचार, दवाइयां, स्वास्थ्य परामर्श और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक आयोजित 201 ग्रामीण सेवा शिविरों में 34 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उपचारित किया जा चुका है। शिविरों में विशेष रूप से टीबी मुक्त भारत अभियान, गैर संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) पर विशेष फोकस रखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने तथा आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जांच, उपचार, परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण सेवा शिविरों में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की गैर संचारी रोग (एनसीडी) के अंतर्गत ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह (शुगर) की नियमित जांच की जा रही है। अब तक 12,199 पुरुष एवं 9,311 महिलाओं सहित कुल 21,410 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार, परामर्श तथा नियमित फॉलोअप के लिए चिकित्सा संस्थानों से जोड़ा गया। ग्रामीण सेवा शिविरों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 2,658 महिला एवं पुरुषों की ई-केवाईसी की गई, जबकि 4,090 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए गए, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### 34 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला उपचार

शिविरों के माध्यम से अब तक 19,252 पुरुष एवं 15,088 महिलाओं सहित कुल 34,340 ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान कर उपचारित किया गया। ग्रामीणों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रोगों का उपचार, दवाइयों का वितरण, स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यकतानुसार उच्च संस्थानों के लिए रेफरल सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति

ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक 12,382 महिला एवं पुरुषों की टीबी स्क्रीनिंग कर संभावित रोगियों की पहचान की गई। वहीं शिविरों के दौरान 245 निक्षय मित्र बनाए गए, जिन्होंने टीबी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त 263 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट एवं पोषण सामग्री वितरित कर उपचार के साथ-साथ पोषण सहयोग भी उपलब्ध कराया गया।

एवीवीएनएल अधिकारियों की शह ठेकेदारों की मनमानी

# बिना शिफ्टिंग प्रक्रिया कुएं के कनेक्शन को नदी किनारे लगाया





स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** ग्राम बिहाड़ा में कृषि विद्युत कनेक्शनों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उन्होंने कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए निर्धारित डिमांड राशि काफी पहले जमा करा दी, लेकिन आज तक उन्हें कनेक्शन जारी नहीं किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों की कथित मनमानी के चलते एक कृषि विद्युत कनेक्शन नदी किनारे स्थापित कर दिया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि एक कुएं पर स्वीकृत कृषि विद्युत कनेक्शन को नियमानुसार शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही नदी किनारे स्थापित कर दिया गया। इससे विभागीय नियमों की अनदेखी होने के साथ-साथ निगम को लाखों रुपये के राजस्व की चपत लगने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप है कि अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं, जिससे ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

इस संबंध में एवीवीएनएल के एक्सईएन ए.पी. नागर ने बताया कि, 'यह मामला मेरे संज्ञान में पहले ही आ चुका था। मैंने संबंधित एईएन को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। अब मैं इस संबंध में एईएन को दोबारा रिमाइंडर जारी करूंगा, ताकि जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त हो सके और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

चेक अनादरण प्रकरण में पूर्व सरपंच की अपील खारिज

# एक वर्ष के कारावास व 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का आदेश बरकरार

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

चेक अनादरण (धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम) के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनीता टेलर ने अभियुक्त की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा पारित निर्णय को यथावत रखा।

प्रकरण के अनुसार, सालेरा निवासी नारायण पुत्र भैरा जी जाट ने गिरड़िया निवासी एवं पूर्व सरपंच प्रकाश चौधरी पुत्र चंपालाल जाट के विरुद्ध चेक अनादरण का परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत किया था। निचली अदालत द्वारा अभियुक्त को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास तथा परिवादी को 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश दिया गया था।

इस निर्णय के विरुद्ध अभियुक्त प्रकाश चौधरी ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील प्रस्तुत की। अपील की सुनवाई के दौरान परिवादी की ओर से अधिवक्ता विद्यापुरी गोस्वामी ने प्रभावी पैरवी की।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेखों का अवलोकन करने के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनीता टेलर ने अभियुक्त की अपील निरस्त करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 16 लाख रुपये क्षतिपूर्ति संबंधी सजा एवं आदेश को यथावत बनाए रखा।

भीलवाड़ा डेयरी में उत्साह के साथ मनाया एआई एवं टेक्नोलॉजी दिवस

# सहकार सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में किसानों को डिजिटल बैंकिंग, माइक्रो एटीएम एवं सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे 'सहकार सप्ताह' के तहत गुरुवार को भीलवाड़ा डेयरी परिसर में ए.आई. एवं टेक्नोलॉजी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डेयरी से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों ने आधुनिक तकनीक और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में सहकार सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 2 जुलाई को भीलवाड़ा डेयरी में एआई एवं टेक्नोलॉजी दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना और किसानों को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में तकनीक प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और सहकारिता क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। डेयरी से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उनकी आय बढ़ाने और सेवाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं।

### डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान सहकारी बैंक की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी भी दी गई। प्रबंध संचालक ने बताया कि सहकारिता के अंतर्गत समितियों एवं दुग्ध उत्पादकों के खाते सहकारी बैंक में खोले जा रहे हैं, जिससे किसानों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके साथ ही किसानों को माइक्रो एटीएम, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि तकनीक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाया जा रहा है।

### किसानों को तकनीक से जोड़ने पर जोर

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों का उपयोग दुग्ध उत्पादन, पशुपालन प्रबंधन, डेटा विश्लेषण और वित्तीय सेवाओं में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। तकनीक के माध्यम से किसानों को समय पर जानकारी, पारदर्शी भुगतान और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे डिजिटल तकनीकों को अपनाकर सरकारी योजनाओं और सहकारी सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

### अधिकारी एवं कर्मचारी रहे उपस्थित

ए.आई. एवं टेक्नोलॉजी दिवस कार्यक्रम में भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार, सहकारी बैंक के मैनेजर आशुतोष मेहता, विभिन्न विभागाध्यक्ष, डेयरी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सहकारिता को तकनीक के साथ जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में तकनीक आधारित नवाचारों को अपनाने और सहकारी क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। भीलवाड़ा डेयरी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम किसानों और दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# स्व. दीपक माली की स्मृति में कारोई में चौथा रक्तदान शिविर संपन्न



स्मार्ट हलचल

**गुरला।** विश्व विख्यात ज्योतिष नगरी कारोई में स्वर्गीय दीपक माली के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुवार, 2 जुलाई को कारोई में चौथा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। नेशनल हाईवे 758 पर स्थित माहेश्वरी भवन, हनुमान मंदिर के पास प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक चले शिविर में 121 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

स्व. दीपक माली मित्र मंडल एवं समस्त ग्रामवासी कारोई द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्व. दीपक माली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन संस्थान भीलवाड़ा के तत्वाधान में कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर की मेडिकल टीम ने रक्त संग्रह किया। आयोजकों ने बताया कि स्व. दीपक माली सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए थे। उनकी स्मृति में हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन होता है और यह लगातार चौथा वर्ष था। शिविर में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।ः कार्यक्रम में गुरला, कारोई, गंगापुर, आमली, भीलवाड़ा, पहुना, भुणास, महेंद्रगढ़ सहित आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लाडपुरा में बारिश से जलाशयों में बढ़ी आवक, एनीकट छलका



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** लाडपुरा क्षेत्र में गुरुवार तड़के हुई झमाझम मानसूनी बारिश से जनजीवन को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। लगातार एक घंटे से अधिक समय तक हुई वर्षा से क्षेत्र के एनीकट, बांध और जलाशयों में पानी की अच्छी आवक दर्ज की गई, जबकि खेतों में खड़ी खरीफ फसलों को नया जीवन मिला। बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।

सुबह करीब तीन बजे शुरू हुई बारिश का दौर चार बजे तक तेज गति से जारी रहा, जबकि सुबह सात बजे तक रुक-रुक कर रिमझिम वर्षा होती रही। लाडपुरा सहित डामटी, खोखरा, भारिण्डा, बावड़ीखेड़ा, चित्तौड़िया, अमरतिया, फूलजी की खेड़ी, श्यामगढ़, टहला, चैनपुरिया, पदमपुरा, रामथली, खगारजी का खेड़ा, सोपुरा, गोविंदपुरा, सरिया, सारणा तथा आसपास के गांवों में अच्छी बारिश दर्ज की गई।

बारिश के चलते लाडपुरा का एनीकट ओवरफ्लो हो गया, जहां करीब पांच इंच की पानी की चादर चलने लगी। वहीं डामटी और खोखरा बांध सहित अन्य जलाशयों में भी पानी की आवक शुरू हो गई। गांवों की गलियों और सड़कों पर वर्षा जल बहने लगा, जिससे क्षेत्र का मौसम सुहावना हो गया।

किसानों ने बताया कि समय पर हुई बारिश से खरीफ की फसलें, जो नमी के अभाव में प्रभावित होने लगी थीं, अब बेहतर बढ़वार की उम्मीद जगा रही हैं। बारिश से कृषि कार्यों को भी गति मिलने की संभावना है।

### टूटे एनीकट से बह रहा वर्षा जल

ग्रामीणों ने बताया कि लाडपुरा चौराहा एवं भैरूजी मंदिर खाल के समीप स्थित एनीकट का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से बड़ी मात्रा में वर्षा जल व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से एनीकट की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण हो सके और भविष्य में जल संरक्षण को बढ़ावा मिले।

# खांडल विप्र शाखा सभा गंगापुर के अध्यक्ष पद पर हरि वल्लभ खंडेलवाल दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल | गंगापुर



अखिल भारतीय वर्षीय खांडल विप्र समाज शाखा सभा, गंगापुर के अध्यक्ष पद के चुनाव बुधवार रात्रि को भेरूनाथ मंदिर के पास भैरव नगर निज आवास पर चुनाव संपन्न हुआ में शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुए। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में हरि वल्लभ खंडेलवाल को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल गोवला तथा मातृकुंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष पारस मल लडानिया एवं सभा अध्यक्ष राधेश्याम नवहाल के सानिध्य में संपन्न हुई। वरिष्ठ सदस्य नाना लाल सेवदा ने अध्यक्ष पद के लिए हरि वल्लभ खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समाज के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं होने पर निर्वाचन अधिकारी पारस मल लडानिया एवं चुनाव पर्यवेक्षक ओमप्रकाश लडानिया ने उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

नई कार्यकारिणी में मदन लाल सेवदा को उपाध्यक्ष, घनश्याम लाल रूंथला एवं गोपाल लाल परवाल को संगठन मंत्री, गोरधन लाल नवहाल को कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार सेवदा को प्रवक्ता तथा नितीन माटोलिया को प्रचार मंत्री बनाया गया। वहीं नाना लाल सेवदा, देवेंद्र जोशी एवं यज्ञदत्त नवहाल को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया।

निर्वाचन के बाद सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष हरि वल्लभ खंडेलवाल ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्रयास किए जाएंगे तथा समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। निर्विरोध निर्वाचन पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा प्रकोष्ठ के शर्मा सचिव, गुरुजी संयोजक व जोशी सदस्य



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा में बिजौलियां निवासी भवानी शंकर शर्मा को शिक्षा प्रकोष्ठ के सचिव ,रमेश गुरुजी को संयोजक व शांतिलाल जोशी को सदस्य मनोनीत किया गया।महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी द्वारा तीनों नव दायित्ववान पदाधिकारियों से संगठन के उद्देश्यों एवं गतिविधियों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने, महासभा कार्यालय एवं कार्यकारिणी के साथ समन्वय स्थापित करने, संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करने, महासभा की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार एवं विस्तार करने,महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई गई।

# जहाजपुर में अग्नि सुरक्षा की पोल खुलीः 23 में से 20 प्रतिष्ठान फेल, पालिका ने थमाए नोटिस

स्मार्ट हलचल




**जहाजपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच के दौरान अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान निर्धारित नियमों पर खरे नहीं उतरे। पालिका द्वारा किए गए विशेष सर्वे में जांचे गए 23 होटलों, रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में से केवल 3 संस्थान ही अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 20 प्रतिष्ठानों में गंभीर कमियां मिलने पर उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

यह कार्रवाई निदेशक एवं विशिष्ट सचिव (डीएलबी) प्रतिक चंद्रशेखर द्वारा 5 जून 2026 को जारी आदेशों की पालना में की गई। हाल ही में दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर हुई भीषण अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी नगरीय निकायों को 6 जून से 20 जून 2026 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर होटलों, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, मल्टीप्लेक्स, कोचिंग संस्थानों, पेइंग गेस्ट एवं अन्य उच्च जोखिम वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सघन सर्वे एवं भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे।

अभियान के तहत फायर एनओसी की वैधता, आपातकालीन निकास मार्ग, अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर सिस्टम, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा, अवैध बेसमेंट किचन एवं रूफटॉप रेस्टोरेंट सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई।

नगर पालिका द्वारा किए गए सर्वे में कुल 23 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से केवल 3 प्रतिष्ठान ही सभी आवश्यक अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 20 प्रतिष्ठानों में गंभीर खामियां मिलने पर उन्हें नोटिस जारी कर नियमानुसार कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। फायरमैन ऋषि राज चौधरी ने बताया कि नोटिस प्राप्त प्रतिष्ठानों में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं थे। कई स्थानों पर फायर अलार्म सिस्टम एवं स्मोक डिटेक्टर स्थापित नहीं मिले, आपातकालीन निकासी मार्ग अवरुद्ध पाए गए, फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम उपलब्ध नहीं था, कई प्रतिष्ठानों के पास वैध फायर एनओसी नहीं थी तथा कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया था।

सरकारी निर्देशों के अनुसार जिन प्रतिष्ठानों में बिना फायर एनओसी संचालन या गंभीर अनियमितताएं पाई जाती हैं, उनके विरुद्ध राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 एवं प्रचलित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस अभियान की नियमित प्रगति रिपोर्ट भी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# लाडपुरा में दर्दनाक हादसाः घर में सो रही बुजुर्ग महिला की सर्पदंश से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

## बरसात और झाड़ियों के चलते कस्बे में बढ़ी जहरीले जीवों की हलचल; सांप के डसने के बाद बिजोलिया अस्पताल लेकर दौड़े थे परिजन, प्राथमिक उपचार के दौरान तोड़ा दम

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** कस्बे में बुधवार की रात एक बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां अपने ही घर में चैन की नींद सो रही एक बुजुर्ग महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद महिला को अचेत अवस्था में तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों और प्राथमिक उपचार के बाद भी महिला की जान नहीं बचाई जा सकी। इस दुखद घटना के बाद मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया है और समूचे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाडपुरा निवासी दुर्गा लाल भील की माताजी नंदू भील (उम्रदराज) बुधवार रात्रि को रोजाना की तरह अपने घर के कमरे में सो रही थीं। देर रात उमस और घने अंधेरे के बीच एक अत्यंत जहरीला सांप रेंगता हुआ घर के भीतर दाखिल हो गया और उसने बिस्तर पर सो रही नंदू भील को डस लिया। शरीर में तेज दर्द और आहट होने पर महिला की आंख खुली, तो उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। अचानक हुई इस घटना से परिवारजन बुरी तरह घबरा गए।

### बिजोलिया अस्पताल पहुंचे, पर नहीं बच सकी जानः

महिला की बिगड़ती हालत को देख परिजन बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत बिजोलिया के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने महिला को तुरंत इमरजेंसी वार्ड में लेकर प्राथमिक उपचार और एंटी-स्नेक वेनम देने की प्रक्रिया शुरू की। कुछ देर तक चले इलाज के बाद महिला के शरीर में कोई सुधार नहीं हुआ और उन्होंने दम तोड़ दिया। सघन जांच के पश्चात चिकित्सकों ने नंदू भील को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से जैसे ही मृतका का शव घर पहुंचा, परिजनों की चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

### बरसात के मौसम में झाड़ियों से निकल रहे सांप

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मानसून की शुरुआत और लगातार हो रही बरसात के कारण कस्बे और आसपास के रिहायशी इलाकों के पास उगी झाड़ियों से पानी निकलने लगा है, जिससे सांपों और अन्य जहरीले जीवों की गतिविधियां अचानक बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। आए दिन गलियों और घरों के आसपास सांप रेंगते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर उगी झाड़ियों की सफाई करवाने और एंटी-स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने की 'वीबी जी राम जी योजना' की शुरुआत

# मनरेगा की विफलताओं का अंत, अब ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

**राजस्थान में विकास की नई गंगाः मुख्यमंत्री ने मसूदा (ब्यावर) से किया राज्य स्तरीय जन सम्मेलन का शुभारंभ; देवमाली गांव को मिली 2 करोड़ की सौगात**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ग्रामीण भारत के विकास और किसानों-मजदूरों की समृद्धि के लिए देश में एक नए युग की शुरुआत हुई है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आंध्र प्रदेश के तिरूपति से राष्ट्रीय स्तर पर 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी योजना' (वीबी जी राम जी योजना) के शुभारंभ के बाद, राजस्थान में भी इसका भव्य आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्यावर जिले के मसूदा कृषि उपज मण्डी में आयोजित राज्य स्तरीय जन सम्मेलन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रदेश में शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 424 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया और ग्रामीणों को बड़ी सौगातें दीं।



### मनरेगा की कमियां होंगी दूर, अब मिलेगी रोजगार की पक्की गारंटी

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि गांवों के विकास के बिना 'विकसित भारत' की कल्पना अधूरी है। उन्होंने पुरानी 'मनरेगा' योजना पर बेबाक टिप्पणी करते हुए कहा कि मनरेगा अपने मूल मकसद में पूरी तरह सफल नहीं हो पाई थी। उसमें बिना योजना के मिट्टी खुदाई, नकली जॉब कार्ड, फर्जी हाजिरी और मजदूरी भुगतान में देरी जैसी गंभीर गड़बड़ियां थीं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब 'वीबी जी राम जी योजना' के तहतः सालाना कानूनी रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। फसल बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की किल्लत से बचने के लिए सरकार 60 दिनों का कार्य विराम घोषित कर सकेगी। भ्रष्टाचार रोकने के लिए जियो-टैगिंग, सैटेलाइट इमेज और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा। मजदूरी का भुगतान हर हफ्ते करना अनिवार्य होगा। यदि दो सप्ताह से अधिक की देरी हुई, तो स्वतः मुआवजा मिलेगा।

### राजस्थान के लिए 12,636 करोड़ का ऐतिहासिक बजट

मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को खारिज करते हुए कहा कि यह योजना सहकारी संघवाद का एक बेहतरीन मॉडल है। डबल इंजन सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान में 12 हजार 636 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है, जो अब तक का सबसे अधिक है। इससे गांवों में पानी, सड़क और जल संरक्षण जैसे स्थायी काम होंगे।

### 'बेस्ट टूरिस्ट विलेज' देवमाली को 2 करोड़ रुपये की सौगात

अपनी खास परंपराओं के लिए दुनिया भर में मशहूर और भारत सरकार द्वारा 'बेस्ट टूरिस्ट विलेज' का पुरस्कार पा चुके देवमाली गांव के लिए मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने देवमाली में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से आश्रय स्थल बनाने, वहां के सरोवर का जीर्णोद्धार करने और सड़कों का निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

### बिजली, नौकरी और पर्यावरण पर बड़ा संकल्प

सरकार की अन्य उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहाः किसानों को दिन में बिजलीः वर्तमान में 26 जिलों के किसानों को दिन में बिजली मिल रही है, और वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। सरकारी नौकरियांः युवाओं को 4 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा तेजी से पूरा किया जा रहा है। हरियालो राजस्थानः मुख्यमंत्री ने आमजन से 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने की भावुक अपील की।

### लाभार्थियों को सौंपे कार्ड, चेक और गाड़ियां

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना के तहत लाभार्थियों को ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड सौंपे। साथ ही, राजीविका स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3.31 करोड़ रुपये के क्रेडिट लिंकेज चेक और राजस्थान महिला निधि के तहत 1.16 करोड़ रुपये के ऋण चेक वितरित किए। 'समर्थ सखी ऋण योजना' के तहत क्लस्टर मैनेजरों को स्कूटी और पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नए मकानों की चाबियां भी सौंपी गईं। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सहित कई कैबिनेट मंत्री, स्थानीय विधायक और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जून बीत गया, जुलाई भी शुरू, फिर भी बारिश का इंतजार, किसान चिंतित



स्मार्ट हलचल | भादसोड़ा

जून का महीना बीत जाने और जुलाई का आगाज होने के बावजूद अब तक मानसून की अच्छी बारिश नहीं हुई है। पर्याप्त वर्षा के अभाव में खेत सूखे पड़े हैं और खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे क्षेत्र के किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

हर वर्ष जून के अंतिम सप्ताह तक किसान सोयाबीन, मक्का, उड़द सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई शुरू कर देते हैं। लेकिन इस बार बारिश नहीं होने के कारण किसान खेत तैयार करके भी बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में नमी नहीं होने से बीज डालना जोखिम भरा माना जा रहा है।

भादसोड़ा निवासी किसान मोहन सुथार ने बताया कि किसान कई दिनों से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। समय पर मानसून नहीं आने से खेती का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। यदि आगामी दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो बुवाई में और देरी होगी, जिससे फसलों की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ने की आशंका है।

राधे सुथार भादसोड़ा ने बताया कि किसान प्रतिदिन मौसम पर नजर बनाए हुए हैं। आसमान में कभी-कभी बादल तो दिखाई देते हैं, लेकिन अच्छी बारिश नहीं होने से खेतों में आवश्यक नमी नहीं बन पा रही है। ऐसे में किसान मानसून की मेहरबानी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कृषि जानकारों के अनुसार खरीफ फसलों की समय पर बुवाई बेहतर उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण होती है। यदि बारिश में अधिक देरी होती है तो उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

# 34 वर्षों की गौरवमयी सेवा के बाद शिक्षक केसर खान को भावभीनी विदाई

**शिक्षा और खेल जगत में अमिट योगदान को किया नमन, मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा ओढ़ाकर हुआ सम्मान**

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** शिक्षा के क्षेत्र में 34 वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गादोला के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रख्यात फुटबॉल खिलाड़ी केसर खान के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार सायंकाल निंबाहेड़ा स्थित आमलिया बावजी रोड के कुसुम गार्डन में भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल, सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं इष्ट मित्रों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनके प्रति सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया।



समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारों के विकास और जीवन मूल्यों की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केसर खान ने अपने 34 वर्षीय सेवाकाल में इसी आदर्श को आत्मसात करते हुए हजारों विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने का कार्य किया। उनकी कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव सदैव अनुकरणीय रहेगा।

कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि केसर खान ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों, विशेषकर फुटबॉल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक युवा खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया तथा खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के मूल्यों को बढ़ावा दिया। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उनका बहुआयामी योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन एवं चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के सचिव फैसल खान ने केसर खान का पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं उपरणा ओढ़ाकर आत्मीय सम्मान किया। उन्होंने कहा कि समाज को दिशा देने वाले शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। केसर खान जैसे शिक्षकों की निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव शिक्षा जगत के लिए गौरव का विषय है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने केसर खान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सेवाकाल की विभिन्न उपलब्धियों को स्मरण किया तथा शिक्षा एवं खेल क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय, सक्रिय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह का वातावरण सम्मान, आत्मीयता और भावनात्मक स्मृतियों से ओतप्रोत रहा, जहां उपस्थित जनों ने केसर खान की उत्कृष्ट सेवाओं को सदैव स्मरणीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पंडेर में लाखों की बिजली लाइन गायब! पोल खड़े, निगम अधिकारी बेखबर

**पीएचईडी की 24 घंटे जलापूर्ति के लिए बिछी करीब ढाई किलोमीटर लाइन डिस्मेंटल, उपकरण अब भी पोलों पर, जांच के बाद ही खुलेगा पूरा राज**

स्मार्ट हलचल | जहाजपुर

पंडेर में विद्युत निगम की लापरवाही और संभावित अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। पीएचईडी की 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना के लिए ग्रिड से ग्राम पंचायत पंडेर के तालाब तक बिछाई गई करीब 2 से 2.5 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन को चुपचाप डिस्मेंटल कर दिया गया। इस लाइन पर करीब 35 से 40 विद्युत पोल लगे हुए हैं, लेकिन पोलों पर उपकरण लगे होने के बावजूद विद्युत तार पूरी तरह गायब हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह लाइन कुछ रसूखदार लोगों के मकानों और खेतों के बीच से गुजर रही थी। आरोप है कि इन्हीं के दबाव में लाइन को हटाया गया, लेकिन इसकी भनक तक निगम अधिकारियों को नहीं लगी। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति बिना विभागीय जानकारी के कैसे गायब हो गई।

जानकारी के अनुसार लाइन हटाए जाने के बाद भी पोलों पर विद्युत उपकरण लगे हुए हैं, जबकि बीच की पूरी वायरिंग गायब है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि विद्युत कर्मियों और संबंधित ठेकेदार की मिलीभगत से निगम को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया है।

इस पूरे मामले ने विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि लाइन को विधिवत हटाया गया था तो उसका रिकॉर्ड कहां है, और यदि अवैध रूप से हटाई गई तो जिम्मेदारों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

**अधिकारी बोले**

**एवीवीएनएल के एक्सईएन सी.पी. नागर ने कहा, 'इस मामले की मुझे जानकारी नहीं है। पता करके बताता हूं।'**

वहीं एवीवीएनएल के **जेईएन मनीष जांगिड़ ने कहा, 'इस मामले की हमें जानकारी नहीं है। कल मौके पर जाकर जांच करेंगे।'**

अब देखना होगा कि जांच में इस लाखों रुपये के गड़बड़झाले की जिम्मेदारी किस पर तय होती है और निगम दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# लायंस क्लब उदयपुर अरावली ने किया चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

लायंस क्लब उदयपुर अरावली की ओर से डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर 9 चिकित्सकों तथा 5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए क्लब अध्यक्ष रेखा जैन ने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट एक दूसरे के पूरक हैं। जहां डॉक्टर लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट वित्तीय व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के प्रथम दिन इस प्रकार का सम्मान समारोह आयोजित हमारा सौभाग्य है तथा अन्य संस्थाओं को भी ऐसे आयोजन कर समाज के प्रेरणास्रोत व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए। मुख्य अतिथि जोनल अध्यक्ष लायन कपूरचंद जैन ने कहा कि डॉक्टर और सीए दोनों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

समारोह में डॉ. आशीष सिंघल, डॉ. संदीप भटनागर, डॉ. अभिषेक व्यास, डॉ. अमित खंडेलवाल, डॉ. मनोज महाजन, डॉ. शीतल कौशिक, डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ. विशाल भट्ट सहित चिकित्सकों को उपरना, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# जगन गुर्जर हत्याकांड पर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार और जेल प्रशासन से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल, 28 जुलाई को अगली सुनवाई**

स्मार्ट हलचल | जयपुर

अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में डकैत जगन गुर्जर की हत्या के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और जेल प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने घटना के समय जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग, उनकी कार्यशील स्थिति, लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के कल्याण से जुड़े स्वप्रेरित जनहित मामले की सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा एवं न्यायमूर्ति मनीष शर्मा की खंडपीठ ने जेल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की। अदालत ने पूछा कि हाई सिक्योरिटी जेल में यदि सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य नहीं कर रहे थे तो इसके लिए अब तक किस अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है।



सुनवाई के दौरान न्यायमित्र अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि पूर्व में भी जेलों में सीसीटीवी व्यवस्था, कैमरों के कनेक्शन तथा निगरानी प्रणाली में कमियों की ओर ध्यान दिलाया गया था, लेकिन उन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रदेश की जेलों से अपराधी गिरोहों के संचालन, रंगदारी की धमकियों तथा मोबाइल फोन के उपयोग जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में हाई सिक्योरिटी जेल में हुई हत्या सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

अदालत ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि घटना के बाद क्या विभागीय जांच शुरू की गई, किन अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को निर्धारित की गई है।

### 29 जून को हुई थी हत्या

उल्लेखनीय है कि 29 जून को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद डकैत जगन गुर्जर की हत्या कर दी गई थी। मामले में सहबंदी विष्णु सिंह पर हत्या का आरोप है। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या को सुनियोजित साजिश बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**चित्तौड़गढ़ के नवरतन जीनगर को राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी**

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

अखिल भारतीय जीनगर समाज एकीकरण महासभा (भारतवर्ष) ने नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश परमार (उदयपुर) ने विभिन्न राज्यों के सक्रिय समाजसेवियों को संगठनात्मक दायित्व सौंपे हैं। कार्यकारिणी में चित्तौड़गढ़ के संस्थापक सदस्य नवरतन जीनगर को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

घोषित कार्यकारिणी में टीकम दास चौहान, भगवान दास ढालिया, बलवंत खत्री, अशोक सोलंकी, नेमीचंद सांखला, जेठमल बोरवाल, मन्नू भाई सिसोदिया, जयंतीलाल, जयराज गोयल, राजेंद्र चौहान, द्वारका प्रसाद डाबी एवं सरोज चौहान को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं ओमप्रकाश बागड़ी (दिल्ली) को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है।



राष्ट्रीय सचिव, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, मीडिया मंत्री, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष, सलाहकार मंडल, अनुशासन समिति तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों के विभिन्न पदों पर भी देशभर के समाजजनों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश परमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी का उद्देश्य समाज में संगठनात्मक एकता को मजबूत करना, शिक्षा, सामाजिक उत्थान, युवा सहभागिता तथा राष्ट्रीय स्तर पर समाज के हितों के लिए प्रभावी कार्य करना रहेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर नवरतन जीनगर ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में सक्रिय रूप से कार्य करने का विश्वास दिलाया।

# ट्रांसपोर्टर्स को मिली बड़ी राहतः मेहता ने जताया जोधपुर हाईकोर्ट और राजस्थान सरकार का आभार

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर शहर और राजस्थान के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर सामने आई है।



समाचार पत्र में छपी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक महीने से बंद पड़े मैनुअल वाहन फिटनेस सेंटर्स के कारण उत्पन्न हुए गंभीर संकट को समाप्त करते हुए, मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में अत्याधुनिक हाईटेक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। अगले सप्ताह से इस आधुनिक सेंटर पर फिटनेस जांच की प्रक्रिया विधिवत रूप से प्रारंभ होने जा रही है। इस राहतकारी निर्णय का दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन ने पुरजोर स्वागत किया है। श्री मेहता ने बताया 1987 में स्थापित हुए दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की शुरुआत में मात्र 17 सदस्यों के संघर्ष से एक विशाल वट वृक्ष के रूप में एक निजी यूनियन संघठन की स्थापना हुई जिससे हजारों लोगों को रोजगार एवं व्यवसाय का स्थान मिला साथ ही दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की ऊर्जावान कार्यकारिणी की कार्यशैली का भी आभार व्यक्त किया संस्थान की पूरी कार्यकारिणी एक पारिवारिक एकता के रूप में कार्य करती है यह संस्था का सौभाग्य है।

ऑर्गनाइजेशन के संरक्षक श्री पुष्पराज मेहता ने राजस्थान के समस्त ट्रांसपोर्टर्स, वाहन स्वामियों और इस व्यवसाय से जुड़े हजारों परिवारों की ओर से माननीय जोधपुर हाईकोर्ट एवं राजस्थान सरकार के परिवहन विभाग का सहृदय धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।

श्री मेहता ने अपने बयान में कहा कि, 'जोधपुर हाईकोर्ट के कड़े और सुधारात्मक आदेशों के बाद प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने जिस मुस्तैदी से इस समस्या का स्थाई और तकनीकी समाधान निकाला है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। पिछले एक महीने से शहर में मैनुअल फिटनेस का काम पूरी तरह ठप होने के कारण स्थानीय वाहन मालिकों को जिस मानसिक व आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा था, वह संकट अब पूरी तरह समाप्त होने जा रहा है।'

### 22 हजार वाहन मालिकों और 44 हजार स्टाफ को संबल

श्री पुष्पराज मेहता ने बताया कि इस नई हाईटेक व्यवस्था के धरातल पर शुरू होते ही राजस्थान के 22 हजार से अधिक वाहन स्वामियों और इस व्यवसाय से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े 44 हजार से अधिक स्टाफ और उनके परिवारों को बहुत बड़ा संबल मिला है। यह आधुनिक ढांचा न केवल परिवहन व्यवस्था को सुधारेगा बल्कि रोजगार को भी सुरक्षित करेगा।

### इंसानी दखल खत्म, भ्रष्टाचार से मिलेगी मुक्ति

सेंटर की खूबियों और न्यायपालिका व सरकार के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए संरक्षक पुष्पराज मेहता ने कहा कि अपग्रेड किए गए इस नए सेंटर (श्रीकरणी फिटनेस सेंटर, मादड़ी) का निरीक्षण कर 'फ्री रोलर' जैसी आधुनिक तकनीक स्थापित की गई है, जिससे ड्रिवन टैंडम एक्सल वाले भारी वाहनों की जांच अब बेहद आसान और सटीक हो जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि, 'इस सेंटर पर वाहनों के ब्रेक, सस्पेंशन और स्पीडोमीटर की जांच पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड रोलर्स और इलेक्ट्रॉनिक सेंसर्स के माध्यम से की जाएगी। इस व्यवस्था के चालू होने से पूरी प्रक्रिया में इंसानी दखल समाप्त हो जाएगा और जांच रिपोर्ट सीधे केंद्रीय 'वाहन पोर्टल' पर ऑनलाइन अपलोड होगी। इससे किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितता की गुंजाइश नहीं रहेगी और पारदर्शिता का एक नया दौर शुरू होगा।'

### समय की बचत और सुव्यवस्थित तंत्र

संगठन ने संतोष व्यक्त किया कि आरटीओ उदयपुर के माध्यम से मुख्यालय जयपुर से अगले सप्ताह तक इस सेंटर को हरी झंडी मिलने की पूरी उम्मीद है। सेंटर पर प्रतिदिन औसतन 90 से अधिक वाहनों की फिटनेस जांच करने की क्षमता है। इसके लिए दो अलग-अलग लाइनें (रो) बनाई गई हैं–एक रो में भारी वाहनों (ट्रक और बस) की फिटनेस होगी तथा दूसरी रो में चौपहिया छोटे वाहनों (कार आदि) की जांच की जाएगी। इस सुव्यवस्थित तंत्र से ट्रांसपोर्टर्स का कीमती समय बचेगा और वाहनों का अनावश्यक दबाव भी प्रबंधित रहेगा।

अंत में, दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के संरक्षक श्री पुष्पराज मेहता ने पुनः राजस्थान सरकार, परिवहन विभाग के आला अधिकारियों और माननीय जोधपुर हाईकोर्ट के प्रति कृतज्ञता जताते हुए संपूर्ण ट्रांसपोर्ट जगत को इस नई और पारदर्शी शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई दी है।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने किया जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**विजय सिंह राणावत बने शंभूपुरा तहसील अध्यक्ष, विधानसभा स्तर पर भी नियुक्तियां**

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संगठन विस्तार के तहत जिले में नई



नियुक्तियों की घोषणा की है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेवसिंह गोगामेड़ी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह चूंडावत ने विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया। जारी नियुक्तियों के अनुसार विजय सिंह राणावत (पेमदिया खेड़ा) को शंभूपुरा तहसील अध्यक्ष, कमल सिंह धीनवा को निम्बाहेड़ा विधानसभा अध्यक्ष तथा दिलीप सिंह झाड़ोली को बड़ीसादड़ी विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह चूंडावत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी समाजहित एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# ठाकुर जी की मनमोहक झांकी एवं छप्पन भोग ने भक्तों का मन मोहा

स्मार्ट हलचल | निम्बाहेड़ा

कल्याण महाकुंभ के द्वितीय दिवस, आषाढ़ कृष्ण द्वितीया को वेदपीठ पर विराजित कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी सहित पंचदेवों का 21 द्रव्यों से महाभिषेक किया गया। इसके बाद उनका ऐसा मनभावन श्रृंगार किया गया कि श्रद्धालु अपलक निहारते रह गए। सतरंगी फूलों से सजी वेदपीठ के मध्य ठाकुर जी को पारंपरिक व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भगवान जगन्नाथ के समक्ष विविध प्रकार के भोग अर्पित किए गए हों। पारंपरिक व्यंजनों के साथ नाना प्रकार की भोज्य सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। वेदपीठ के मुख्य द्वार पर देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साथ की गई भव्य सजावट से ऐसी अनुभूति हो रही थी मानो देश के चार प्रमुख धामों में से किसी एक के दर्शन वेदपीठ पर ही हो रहे हों।

कल्याण महाकुंभ के प्रथम दिवस बुधवार रात्रि को कथा मंडपम के मंच पर पंडित हनुमान प्रसाद एवं साथियों द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया, जिससे समूचा वातावरण हनुमतमय हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वीर-वीरांगनाएँ, बटुक, वेदपीठ के न्यासी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिवलिंग अणु से भी सूक्ष्म और ब्रह्मांड से भी विराट : ज्ञानानंद तीर्थ

21वें कल्याण महाकुंभ के अंतर्गत आयोजित श्री लिंग महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर संत भानपुरा पीठ के शंकराचार्य तत्त्वज्ञानी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने भगवान शिव के ध्यान, शिवलिंग की महिमा तथा साधना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार साधक को नाभि, कंठ, भ्रूमध्य, मस्तक अथवा सिर पर ध्यान केंद्रित कर कमलासन पर विराजमान भगवान शिव का स्मरण करना चाहिए। शिव ध्यान से पूर्व शिवलिंग, पिंडी एवं जलधारी का



स्मरण करने से साधना अधिक फलदायी होती है।स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ गुरुवार को कल्याण महाकुंभ के अंतर्गत नेमिशरण्यम परिसर स्थित विश्वरूपम कथा मंडपम की व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शिवलिंग का ध्यान स्वर्ण के समान तेजस्वी, प्रज्वलित अग्नि के समान प्रकाशमान तथा चंद्रमा के समान श्वेत स्वरूप में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलधारी माता पार्वती तथा पिंडी भगवान शिव का स्वरूप है। शिवलिंग अणु से भी सूक्ष्म और ब्रह्मांड से भी विराट, अनादि, अनंत तथा सृष्टि की उत्पत्ति और प्रलय से परे है।ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि साधना के मार्ग में आलस्य, रोग, चित्त की चंचलता, संशय, श्रद्धा का अभाव, भ्रांति तथा सांसारिक आसक्ति जैसी बाधाएँ आती हैं। इन पर विजय श्रद्धा, विश्वास, गुरु के मार्गदर्शन तथा निरंतर अभ्यास से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सत्य, श्रद्धा और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही साधक की सफलता का आधार हैं।उन्होंने बताया कि मनुष्य के दुःख आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक तीन प्रकार के होते हैं, जिनकी निवृत्ति भगवान शिव की आराधना, त्रिकाल संध्या, सत्कर्म और आत्मसंयम से संभव है। धर्मज्ञ, साधु, आचार्य, यज्ञकर्ता, दानी और सत्यवादी व्यक्तियों का सम्मान करना भी शिवभक्ति का महत्वपूर्ण अंग है।महाराज ने पंचमहाभूतों के माध्यम से शिव आराधना का महत्व समझाते हुए कहा कि श्रवण और कीर्तन आकाश तत्त्व की साधना हैं, सेवा और परोपकार शिव की सच्ची पूजा हैं तथा जलाभिषेक और रुद्राभिषेक से साधक के भीतर भक्ति और चेतना का संचार होता है। उन्होंने भगवान शिव के पंचमुख स्वरूप सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान का वर्णन करते हुए मानव जीवन को धर्म, ज्ञान, सेवा और भक्ति से जोड़ने का संदेश दिया।इससे पूर्व स्वामी जी ने वेदपीठ पहुँचकर ठाकुर जी के मनमोहक श्रृंगार के दर्शन किए और कहा कि उनकी अनुपम छवि अत्यंत मनोहारी है। वेदपीठ के न्यासियों एवं पदाधिकारियों ने व्यासपीठ की पूजा की। वहीं स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने मंच पर मुख्य आचार्य एवं मुख्य यजमान के रूप में ठाकुर जी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पंडित प्रह्लाद कृष्ण ने शिवभक्ति के भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को शिवभक्ति से सराबोर कर दिया।

### अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आज

कल्याण महाकुंभ के तृतीय दिवस शुक्रवार रात्रि को कथा मंडपम में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें मुकेश मौलवा (इंदौर), राम भदावर (इटावा), प्रियंका राय (वाराणसी), सचिन दीक्षित (आगरा), मोहित शौर्य (गाजियाबाद), विनोद सोनी (कल्याण नगरी) तथा जया धनगर 'वेदा' (कल्याण नगरी) काव्यपाठ करेंगे। इस दौरान देशभर से आए कवि एवं रचनाकार वीर रस सहित विभिन्न रसों की रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# किशनगढ़ विधायक एवं कांग्रेस के जिला देहात अध्यक्ष जन्मदिन पुष्कर में मनाया



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** किशनगढ़ विधायक एवं कांग्रेस के जिला देहात अध्यक्ष विकास चौधरी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट पर पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया और जगत पिता ब्रह्मा मंदिर के किए दर्शन किए।

इस दौरान चौधरी पुष्कर पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पुष्कर और नगर कांग्रेस पुष्कर ने कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त रूप से माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और मौजूद तीर्थ पुरोहित गणों ने चौधरी को माला पहनकर स्वागत किया और जन्मदिन की बधाई दी।

इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष दामोदर शर्मा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल दग़दी, जिला देहात सचिव जगदीश कुर्डिया,ब्लॉक अध्यक्ष संजय जोशी रूपनगर ब्लॉक अध्यक्ष जीवन राम भाकर कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रमोद पाराशर, वरिष्ठ नेता दामोदर मुखिया, टीकम शर्मा, बैद्यनाथ पाराशर,नगर कांग्रेस अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष पृथ्वीराज उदय,ओमप्रकाश तिगाया,सौरभ बजाज,राजेंद्र मलिक,सुरेश पाराशर ,गोपाल तिलोनिया ओमप्रकाश गुर्जर प्रेम प्रकाश बाकोलिया संजय दगदी भागचंद दगदी,अरशद इंसाफ,रविंद्र नागौरा,मधुसूदन मैक्स पाराशर, गौरव पाराशर, नवदीप पाराशर शरद वैष्णव,विनोद पाराशर विकासपुरी शैतान सिंह सांखला सिद्धेश्वर शर्मा रफीक खान, विजय मुखर्जी,मगनीराम अजमेरा,हुकुम सिंह, राजेंद्र सिंह भावता, राजेंद्र सिंह राठौड़, मुराद अली, संजय जैन, मोहित खंडेलवाल, जगदीश गौरा बटुक पाराशर राहुल पाराशर रईस खान, मिथुन सैन आदि मौजूद रहे।

# कोटा राउंड टेबल-281 को राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान



स्मार्ट हलचल | कोटा

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कोटा की सामाजिक संस्था राउंड टेबल इंडिया, टेबल-281 को राजस्थान सरकार के 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से टेबल-281 के चेयरमैन सिद्धार्थ पोद्दार, मुदित गोयल तथा एरिया चेयरमैन धर्मवीर पंड्या ने समारोह में उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण किया।

कोटा राउंड टेबल-281 को यह सम्मान विभिन्न सरकारी विद्यालयों में 08 कक्षाओं के निर्माण के लिए प्रदान किया गया। जिन पर लगभग 45 लाख रुपये व्यय किए गए और सैकड़ों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सिद्धार्थ पौद्दार ने कहा कि राउंड टेबल-281 का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में आधारभूत शैक्षणिक सुविधाओं का विकास करना है, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके। समारोह में राज्यभर के 276 से अधिक भामाशाह, प्रेरक एवं प्रवासी भारतीय (एनआरआई) दानदाताओं को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले पाली जिले के कांग्रेसजन

स्मार्ट हलचल | पाली

जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार एवं आत्मीय भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर पाली जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के जिला महासचिव धन्नाराम लोहार



(रोहट), युवा कांग्रेस के रोहट ब्लॉक अध्यक्ष पुरण राम बावरी, भरत कुमार देवासी, चैनाराम सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पाली जिले में कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की जानकारी गहलोत को दी। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करने, आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर सक्रिय रहने तथा कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# 18 किलो 87 ग्राम जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ जलाकर किया नष्ट

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय व महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज, कोटा के निर्देशानुसार जिले के 09 पुलिस थानों के 44 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चुरा, स्मैक, चरस व भांग को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन बून्दी के परिसर में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 18 किलो 87 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चुरा, स्मैक, चरस व भांग को किया गया नष्ट।

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने बताया की जिले के पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों की वजह से



लबालब भरे पड़े थे, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। इसके निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की अपराध शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर, रिकॉर्ड तैयार किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी अवनीश कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी संजय सिंह चम्पावत, जसवीर मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सेल सहित संबंधित अधिकारी एवं पुलिस थानो के मालखाना प्रभारी आदि की उपस्थिति में आवश्यक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया तथा संबंधित मालों के वजन व नष्टीकरण के समय फोटो ग्राफी व विडियो ग्राफी करवाई गई। जिले के 9 पुलिस थानों मे दर्ज कुल 44 प्रकरणों में सें अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 705 ग्राम डोडा चुरा, 15 किलो 331 ग्राम गांजा तथा 451 ग्राम स्मैक , चरस 290 ग्राम , व भांग 310 ग्राम को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति बून्दी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन परिसर में जलाकर नष्ट किया गया।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 22 विभागों ने किया समस्याओं का समाधान



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** ग्राम पंचायत आलोली में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिनिधि अंतिमा कुमारी, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, सत्यनारायण बेरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक अनोप देवी, बिरदीचंद कुमावत, उपखंड कार्यालय कार्मिक विनोद सैन, ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल कुमावत, कनिष्ठ सहायक आशा मीणा, गौरव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में कुल 22 विभागों ने भाग लिया और अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान 5 पट्टों का वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 5 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत, प्रधानमंत्री आवास योजना के 3 लाभार्थियों को तृतीय किस्त का हस्तांतरण, 8 पेंशन सत्यापन, 22 जन आधार संशोधन, तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 2 नए बैंक खाते खोले गए।

इसके अलावा महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, मंगला पशु बीमा योजना की 37 पॉलिसियां, कृषि विभाग द्वारा 35 किसानों को मूंग मिनी किट एवं 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग ने 103 मरीजों तथा आयुर्वेद विभाग ने 80 मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया।

शिविर में विद्युत विभाग को 1 नए बिजली कनेक्शन का आवेदन, परिवहन विभाग द्वारा 11 स्मार्ट कार्ड पंजीकरण, राजस्व खातों का 12 मामलों में शुद्धिकरण, 5 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 42 पंजीकरण, 17 नामांतरण प्रकरण, 5 सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी प्रकरण तथा 20 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनहित के कार्यों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

# लॉयंस क्लब गरिमा व लियो क्लब गरिमा ने की नए सत्र की शुरुआत

स्मार्ट हलचल | गंगापुर सिटी

लॉयंस क्लब गरिमा एवं लियो क्लब गरिमा ने नए सत्र की शुरुआत सेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के साथ की। क्लब द्वारा 1 जुलाई को गौ सेवा एवं अन्न प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के तहत प्रातः 7 बजे नहर रोड स्थित गोपाल गौशाला में गौ सेवा की गई। इसके पश्चात उदेई मोड़ स्थित थोक फल एवं सब्जी मंडी में जरूरतमंद लोगों के बीच अन्न प्रसाद का वितरण किया गया। क्लब सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में भाग लेते हुए समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष लॉयन ओम अग्रवाल ने कहा कि नए सत्र की शुरुआत गौ सेवा एवं अन्न प्रसाद वितरण जैसे पुण्य कार्यों से करना क्लब के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, गौ सेवा एवं अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे।रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि लॉयंस क्लब गरिमा का मूल उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है।

# उलेड़ा में पशु आहार डिपो का शुभारंभ, पशुपालकों को गांव में मिलेगी सुविधा

### सहकारिता से सशक्त होगा पशुपालक, बढ़ेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : चैनसिंह राठौड़

स्मार्ट हलचल | कोटा

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उलेड़ा महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के पशु आहार डिपो का उद्घाटन कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने समिति की सचिव कांतीबाई एवं अध्यक्ष राकेशबाई के नेतृत्व में अध्यक्ष राठौड़ का साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि गांव में पशु आहार डिपो शुरू होने से पशुपालकों को अब पशु आहार खरीदने के लिए कोटा या अन्य स्थानों तक नहीं जाना पड़ेगा।



इससे उनके समय और परिवहन व्यय की बचत होगी तथा पशुओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सुविधाओं का विस्तार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां केवल दूध संग्रहण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पशुपालकों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक उन्नति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नए पशु आहार केंद्र से आसपास के कई गांवों के पशुपालकों को भी लाभ मिलेगा और उन्हें लंबी दूरी तय करने की समस्या से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने उलेड़ा दुग्ध उत्पादक समिति से जुड़े 23 से अधिक पशुपालकों को प्रति सदस्य 5 किलोग्राम ज्वार बीज का निःशुल्क वितरण भी किया। उन्होंने किसानों से उन्नत चारा उत्पादन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण हरा चारा पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन दोनों के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम में कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक दिलशुख मीणा, जय सिंह राठौड़, बलराज सिंह राठौड़, रोशन जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, दुग्ध उत्पादक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी पशुपालकों के हित में ऐसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का विश्वास दिलाया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वार्ता कर के समाधान की मांग रखी



स्मार्ट हलचल

सांगोद। निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर के साथ राजस्थान आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई।

संघ की प्रदेश अध्यक्ष शाहिदा खान ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं शिशु पालना गृह सहायिका द्वारा दिनांक 01/07/2026 से प्रारम्भ किया गया कार्य बहिष्कार जारी है। वार्ता के दौरान निदेशक ने लंबित मानदेय एवं अन्य भुगतानों के संबंध में 15 जुलाई 2026 तक का समय मांगा है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि 15 जुलाई 2026 तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं शिशु पालना गृह सहायिका का लंबित मानदेय एवं अन्य देय भुगतान नहीं किया जाता है, तो 16 जुलाई 2026 से पूरे राजस्थान में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ताला बंद हड़ताल की जाएगी। साथ ही, सैनिटरी नेपकिन का वितरण भी पूर्णतः बंद रखा जाएगा।

संघ का कहना है कि आज की वार्ता संतोषजनक नहीं रही। जब तक कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान एवं भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। वार्ता मे सन्तोष शर्मा रेखा शर्मा शीला दुबे मधू नामा कल्पना चतुर्थी वेदी शामिल थी।

# कोटा की तर्ज पर बन रहा नमाना रिवर फ्रंट ऐतिहासिक उपलब्धि : शर्मा



स्मार्ट हलचल | बून्दी

विधायक हरिमोहन शर्मा ने नमाना क्षेत्र में लाड़ेश्वर महादेव के पास मांगली नदी पर कोटा की तर्ज पर बन रहे रिवर फ्रंट का अवलोकन किया। उन्होंने नमाना रिवर फ्रंट का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शर्मा कार्य आरंभ होने से पूर्व से ही लगातार नमाना रिवर फ्रंट का अवलोकन करते आए हैं। शर्मा ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि से स्वीकृत नमाना रिवर फ्रंट बून्दी विधानसभा क्षेत्र की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र में रिवर फ्रंट का एक महत्वपूर्ण स्थान रहेगा। यह स्थान पौराणिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी एक अहम भूमिका रखता है। लाड़ेश्वर महादेव आने वाले श्रद्धालु भी अब इस रिवर फ्रंट में बनाए गए घाटों पर स्नान कर महादेव के दर्शन लाभ लेंगे।

इस अवसर पर विधायक शर्मा के साथ मंदिर विकास समिति से जुड़े सदस्य एवं नमाना ग्रामवासी साथ रहे। वहीं कनिष्ठ अभियंता नागेंद्र सिंह, रामबाबू राठौर, रामराज सिंह, शांता चित्तौड़ा, राधेश्याम मीणा, यशवन्त दाधीच, अशोक पाराशर, भंवरलाल पाराशर, देवलाल मीणा, महावीर चितौडा, सुखलाल व धर्मराज गुर्जर मौजूद रहे।

# बोर्ड आफ विजिटर्स आफिशियल मेम्बर्स तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बून्दी द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागृह का किया निरीक्षण

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुकन्या शान्था बनाम यूनियन आफ इण्डिया में पारित आदेश की पालना में मॉडल प्रिजन मैन्यूअल में वर्णित बोर्ड आफ विजिटर्स आफिशियल मेम्बर्स तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बून्दी द्वारा संयुक्त रूप से गुरूवार को जिला कारागृह का निरीक्षण मुख्य प्रहरी जिला कारागृह बून्दी जीतेन्द्र नागर की उपस्थिति में किया गया।

कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी. विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, केन्टीन, मुलाकात कक्ष, डिस्पेन्सरी,



वार्ड, स्नानागार, शौचालय, पानी की व्यवस्था, कारागृह में स्वच्छता तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। जिला कारागृह में बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बन्दियों से वार्ता की जाकर जिला कारागृह में उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो में धर्म, जाति व सामाजिक आधार पर भेदभाव तो नहीं किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण में जिला एवं सेशन न्यायाधीश बून्दी संदीप कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी मुकेश परनामी, जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी अवनीश कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बून्दी डॉ. ओ.पी. सामर, अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग मुकेश गुप्ता, सहा. निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धनराज मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विभाग राजेश कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बून्दी अर्पित जैन, जिला उद्योग अधिकारी बून्दी शुभकरण थालोर एवं जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर उपस्थित रहें।

मंदिर की करोड़ों की देवस्थान भूमि फर्जीवाड़े का मामला दर्ज

# मंदिर के पुजारी सहित 10 नामजद पर एफआईआर, 25 वर्ष पुराने राजस्व रिकॉर्ड की होगी जांच

स्मार्ट हलचल | मंडावर (दौसा)

मंडावर कस्बे स्थित भगवान श्री राधा वल्लभजी मंदिर की करोड़ों रुपये मूल्य की देवस्थान (माफी) भूमि के कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। मंदिर की भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी व्यक्तियों के नाम स्थानांतरित कर बेचने के आरोप में मंडावर थाना पुलिस ने 10 नामजद आरोपियों सहित अन्य के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मंदिर की सेवा-पूजा एवं संपत्ति की देखरेख की जिम्मेदारी निभाने वाले पुजारी ने कथित रूप से अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी इकरारनामे एवं अन्य दस्तावेज तैयार कर मंदिर की भूमि को निजी खातेदारी भूमि के रूप में दर्शाने का प्रयास किया। इसके बाद राजस्व अभिलेखों में कथित हेराफेरी कर भूमि का हस्तांतरण किया गया।

शिकायत के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-921 स्थित भगवान श्री राधा वल्लभजी मंदिर के नाम दर्ज खसरा संख्या 1512, 1453, 1454, 1455 एवं 1456 की देवस्थान भूमि वर्तमान में करोड़ों रुपये मूल्य की है। आरोप है कि वर्ष 2001 से इस भूमि से जुड़े फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण एवं अन्य राजस्व प्रक्रियाओं के माध्यम से अवैध रूप से निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कराए गए।

मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि सरकारी अभिलेखों में बदलाव कर मंदिर की भूमि को निजी भूमि के साथ जोड़कर बेचा गया। शिकायतकर्ता ने इसे सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

मंडावर थाना पुलिस ने ताराचंद शर्मा, हरसहाय सैनी, दिनेश मीणा, सीताराम, सीतादेवी, देवकीनंदन सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना, आपराधिक षड्यंत्र एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अब करीब 25 वर्ष पुराने राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी, नामांतरण आदेश, इकरारनामों एवं अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच में यह भी देखा जाएगा कि कथित फर्जीवाड़े में किन-किन व्यक्तियों एवं अधिकारियों की भूमिका रही तथा क्या किसी सरकारी स्तर पर भी अनियमितता हुई। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर मंदिर की भूमि को पुनः देवस्थान के नाम सुरक्षित कराने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मिस्त्री मार्केट हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा
## हथौड़े से 7 वार कर उतारा मौत के घाट

स्मार्ट हलचल

**महवा (दौसा)।** महवा थाना क्षेत्र के रौत हड़िया स्थित मिस्त्री मार्केट में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को महवा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की है। मामूली कहासुनी के बाद हुए इस खूनी संघर्ष में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से पुलिस की तत्परता और प्रभावी जांच की सराहना की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 30 जून 2026 की शाम रौत हड़िया स्थित मिस्त्री मार्केट में कई युवक एक दुकान पर डेंटिंग-पेंटिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान हेमंत और मनोज कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आए मनोज कुमार ने लोहे के हथौड़े से हेमंत के सिर पर लगातार 6 से 7 वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल हेमंत को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में एसएमएस अस्पताल जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के पिता रामनिवास की रिपोर्ट पर महवा थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी महवा और थाना प्रभारी महवा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

विशेष टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट हुआ कि गंभीर अपराधों में पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार (21 वर्ष) निवासी हड़िया, थाना महवा, जिला दौसा के रूप में की है। आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

महवा थानाधिकारी महेंद्र यादव ने बताया कि हत्या जैसे गंभीर अपराध करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम का सफल खुलासा करने में महवा थाना पुलिस की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सुदर्शन शर्मा पुजारी सेवक महासंघ पुष्कर इकाई अध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर/ श्री ब्रह्म पुष्कर विप्र महासभा यज्ञ समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष सुदर्शन शर्मा (काका जी ) का पुजारी सेवक महासंघ पुष्कर इकाई द्वारा स्वागत किया गया ।

स्वागत करने वालों में संघ के नवनीत शर्मा, पुनीत राजोरिया, वेदमूर्ति घनश्याम करीठ, नरपतसिंह राजपुरोहित, ज्योति स्वरूप महर्षि, सौरभ शर्मा, प्रभुदयाल मेलू, यश गौड, कार्तिक मिश्रा, सूर्यप्रकाश तिवाड़ी, गंगा प्रसाद गौतम, चितरंजन राजोरिया अक्षत महर्षि आर्य महर्षी सूरज राजोरिया, मौसम शर्मा, आनंद पाराशर एवं कई लोग उपस्थित थे ।सभी ने संस्था के कार्यों एवं आयोजन मै हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# देवमाली में भगवान देवनारायण के किए दर्शन, किसान के घर पी चाय, बुजुर्ग महिला से कराया नमो उपवन का उद्घाटन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्यावर जिले के प्रसिद्ध देवमाली गांव का दौरा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने जहाँ एक ओर भगवान देवनारायण मंदिर में शीश नवाया, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवेश के बीच पहुंचकर आमजन और किसानों से सीधा संवाद किया।



**किसान के घर पहुंचे मुख्यमंत्री, बच्चों को बांटी चॉकलेट**

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सहज और आत्मीय अंदाज में नजर आए। वे स्थानीय किसान रामलाल गुर्जर के घर पहुंचे और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर जमीन पर बैठकर चाय पी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गांव के स्कूली बच्चों से बात कर उन्हें चॉकलेट बांटी और देवमाली ग्राम पंचायत प्रशासक समिति के सदस्यों से ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की।

**बुजुर्ग महिला प्रेम देवी से करवाया पौधारोपण का उद्घाटन**

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने 'नमो उपवन' में पौधारोपण कार्य का उद्घाटन गांव की ही एक बुजुर्ग महिला प्रेम देवी से करवाकर अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं पीपल का पौधा लगाया और 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' के तहत बेहतर कार्य करने वाले स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया।

**प्रशासन को दिए कड़े निर्देश: शिक्षा, नेटवर्क और रोपवे पर फोकस**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन को देवमाली गांव के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए: विरासत का संरक्षण: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी और विरासत भी' के विजन को दोहराते हुए गांव के मूल स्वरूप और प्राकृतिक सौंदर्य को बिना नुकसान पहुंचाए विकास कार्य करने को कहा। शिक्षा और ड्रॉप आउट पर लगामः जिला कलक्टर को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा बालिकाओं के स्कूल ड्रॉप आउट को शून्य करने के निर्देश दिए। मोबाइल नेटवर्क और रोपवे: गांव में लंबे समय से आ रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या का तुरंत समाधान करने तथा देवनारायण मंदिर तक रोपवे निर्माण की संभावनाओं को तलाशने की हिदायत दी।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, स्थानीय विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मानसून से पहले नगर पालिका का सख्त संदेश

# एक दिन में हटाएं नालों से अतिक्रमण, अब कार्रवाई पर टिकी निगाहें

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** मानसून के मद्देनजर नगर पालिका मंडावर ने सार्वजनिक नालों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। अधिशासी अधिकारी सुमेरसिंह मीना की ओर से राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 209 एवं 210 के तहत गांधी सर्किल से पवन जोशी की दुकान तक स्थित नगरपालिका नाले पर अनाधिकृत अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी कर एक दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर नाले को मूल स्थिति में बहाल करने के निर्देश दिए गए। पालिका के निरीक्षण में सामने आया कि नाले पर किए गए अतिक्रमण से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे बरसात के दौरान जल निकासी बाधित होने और आमजन को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक मार्ग, नाला-नाली एवं नगरपालिका की संपत्ति पर अतिक्रमण राजस्थान नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में नगर पालिका नियमानुसार कार्रवाई करेगी तथा कार्रवाई में आने वाला समस्त व्यय और अन्य देय राशि संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं से वसूली जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

बुधवार को नोटिस में दी गई एक दिन की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। ऐसे में अब आमजन की निगाहें नगर पालिका प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीण अंचल में कहा जाता है, 'समय पर लिया गया फैसला ही बड़ी मुसीबत को टालता है।' अब देखना यह होगा कि जिन लोगों ने नोटिस के बावजूद स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया, उनके विरुद्ध नगर पालिका प्रशासन अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्या कदम उठाता है और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आगे कैसी कार्रवाई अमल में लाता है।

# बाड़मेर के किसान डॉ पंवार राज्य स्तरीय कृषक सम्मान से सम्मानित



स्मार्ट हलचल | जयपुर

सहकार सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मान दिवस में बाड़मेर जिले के झाक निवासी प्रगतिशील किसान डॉ. देवाराम पंवार को सम्मानित किया गया। उन्हें राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, शीर्ष सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक रणजीत सिंह चुण्डावत, भोमा राम अतिरिक्त रजिस्ट्रार (भा स वि) के कर कमलों से सम्मान प्रदान किया गया।

डॉ . पंवार जिले के एकमात्र किसान रहे जिन्हें राज्य स्तरीय मंच पर यह गौरव प्राप्त हुआ। किसान के रूप में उनकी सक्रियता, नवाचारपूर्ण कार्यशैली और कृषि क्षेत्र में निरंतर योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में राज्यभर से चयनित प्रगतिशील किसानों, पैक्स अध्यक्षों और पैक्स व्यवस्थापकों को सम्मानित किया गया। डॉ देवाराम पंवार का चयन बाड़मेर जिले के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है, क्योंकि एकमात्र किसान के रूप में उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।

यह आयोजन सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक आयोजित सहकार सप्ताह के अंतर्गत किया गया।

# मदन राठौड़ के जन्मदिवस पर सेवा का संदेश, गौसेवा, फल वितरण और शरबत पिलाकर मनाया विशेष दिवस

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का जन्मदिवस गुरुवार को प्रदेशभर में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ मनाया गया। राजधानी जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय, एसएमएस अस्पताल परिसर और दुर्गापुरा स्थित गोशाला में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गौसेवा, फल वितरण और राहगीरों को शीतल शरबत पिलाकर समाजसेवा का संदेश दिया गया।



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि पार्टी का मूल मंत्र 'सेवा ही संगठन' है और इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्मदिवस पर जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से एसएमएस अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि मदन राठौड़ का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा का भाव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सेवा कार्यों के माध्यम से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना की गई।

इसी क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर ओबीसी मोर्चा की ओर से शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अलका गुर्जर तथा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत की उपस्थिति में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए प्रदेशाध्यक्ष के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

वहीं राजस्थान गौ सेवा संघ, दुर्गापुरा जयपुर द्वारा संचालित गोशाला में गायों को हरा चारा, रोटी और लड्डू खिलाकर गौसेवा की गई। इस सेवा कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह, भाजपा नेता प्रो. विक्रम सिंह गुर्जर सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

दिनभर चले सेवा कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराते हुए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का विश्वास व्यक्त किया।

# महुवा प्रीमियर लीग-5 के फाइनल में उमड़ा जनसैलाब



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय के राजकीय टीकाराम पालीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पिछले 15 दिनों से चल रहे महुवा प्रीमियर लीग-5 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत प्रतिदिन नाइट में क्रिकेट की प्रतियोगिता होती रही बुधवार की रात्रि को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा के मुख्य अतिथि के रूप में अतिथियों की उपस्थिति में महुआ प्रीमियर लीग 5 का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। हजारों क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी में बड़ा महादेव क्रिकेट क्लब, महुवा ने हुक्मीखेड़ा टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पूरे मैच के दौरान मैदान में दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और 'बड़ा महादेव' के जयकारों से स्टेडियम गूंज उठा।

समापन समारोह में महुवा विधायक राजेंद्र मीणा एवं भाजपा जिला मंत्री विनीत बंसल ,दीपक हरिओम केसरी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामफल मीणा, माधो सरपंच, सब्जी मंडी अध्यक्ष लाला सैनी ,भारत मीणा खेमचंद किवाड़िया ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने खेल समिति को 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए। साथ ही खेल मैदान के विकास एवं आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 लाख रुपये उपलब्ध कराने की घोषणा भी की।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा महुवा के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। फाइनल मुकाबले में उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि महुवा में क्रिकेट का जुनून लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर स्थित फतेह सिंह पुरा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर हिंडौन के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

हिंडौन जीआरपी पुलिस के एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 11:45 बजे के करीब फतेह सिंह पुरा रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने उन्हें सूचना दी की रेलवे स्टेशन के पास पटरियों पर एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस सूरौठ के फतेहपुरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तथा शव को कब्जे में लिया। शव को हिंडौन जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। एएसआई जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक युवक गांव नांगल दुर्गसी निवासी खुशीराम गुर्जर (32) पुत्र सियाराम गुर्जर है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# विशाल बताकर दो युवतियों से शादी करने वाला आगरा का इरशाद गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

कानपुर। प्रदेश के इस अति संवेदनशील महानगर में लव जिहाद का खेल लगातार जारी है ,जिसमें दो और लड़कियां जाल में फंस गईं, जिन्हें बाद में पता चला कि उन्हें फंसा कर विवाह करने वाला विशाल नहीं बल्कि इरशाद है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। जिसके बाद मामले की गहन छानबीन भी लगातार जारी है।

इस घटना का संबंध पनकी थाना क्षेत्र से है ,जहां एक मुस्लिम युवक ने अपने को विशाल बताकर दो लड़कियों को प्रेम जाल में फंसा उनसे शादी भी कर ली। जानकारी होने पर बजरंग दल वालों ने विरोध करते हुए पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद पुलिस ने एक फ्लैट पर छापा मारकर इरशाद नाम के मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने बताया कि इरशाद ने खुद को विशाल बताकर हरदोई की अनुकृति पांडे से धोखे से शादी की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी इरशाद ने पीड़िता और उसके बच्चे को कमरे में बंधक बना रखा था और जबरन मीट खाने व धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था । इसी दौरान उसने एक और हिंदू लड़की से शादी की और उसे बहन बताकर दूसरे कमरे में रखा था। पीड़िता द्वारा गुप्त रूप से बजरंग दल से मदद मांगने के बाद पुलिस के सहयोग से यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आगरा का रहने वाला इरशाद ऑनलाइन जूते का कारोबार करने का दावा करता है । फिलहाल इस गिरफ्तार करने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# वार्ड 37 से 42 के नागरिकों को शहरी सेवा शिविर में एक ही छत के नीचे मिली दर्जनों सरकारी सेवाएं

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत गुरुवार को नगर परिषद सभागार में वार्ड संख्या 37 से 42 तक के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से एक ही स्थान पर अनेक जनकल्याणकारी सेवाएं उपलब्ध कराई गई तथा प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई।



नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने बताया शिविर में नगर परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के साथ-साथ साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, विभिन्न प्रकार के पट्टे, कृषि भूमि नियमन, लीज डीड, पुरानी आबादी एवं 69-ए योजना के पट्टे, उपविभाजन, भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनआधार, फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र, पेंशन, पालनहार योजना तथा राशन कार्ड संबंधी सेवाओं का लाभ नागरिकों को दिया गया। आयुक्त ने बताया नगर परिषद की ओर से अभियान के नोडल प्रभारी दुष्यंत राज, राजस्व अधिकारी एवं सहायक अभियंता तरुण कुमार जैन, वरिष्ठ सहायक राजेश मीना, कनिष्ठ अभियंता रीना मीना सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी अभियान में जिम्मेदारी से आमजन के कार्यों का निस्तारण करने में अहम भूमिका निभा रहे है।

इसके अलावा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, आयोजना विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग तथा वन विभाग सहित अन्य विभागों ने भी अपने-अपने प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया।

शिविर के दौरान 5 पट्टे जारी किए गए, 1 भवन निर्माण स्वीकृति, 2 नामांतरण, 4 प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरण, 20 स्ट्रीट लाइट संबंधी मामले, 60 जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, 8 घर-घर कचरा संग्रहण, 6 पूरक पोषाहार, 1 पेंशन, 19 जनआधार, 6 विद्युत विभाग, 3 सीवरेज तथा 2 पेयजल संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

नगर परिषद प्रशासन ने बताया कि शहरी सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत आगामी शिविर 3 जुलाई (शुक्रवार) को भी नगर परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद ने वार्ड 37 से 42 के नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# सूरौठ में 17 मिमी बारिश, गर्मी से मिली निजात

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बा सूरौठ एवं क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश से आमजन को गर्मी से भी निजात मिली है। सूरौठ तहसील मुख्यालय पर 17 मिमी बारिश अंकित की गई। गुरुवार को सुबह 11 बजे के करीब आसमान को बादलों ने घेर लिया तथा झमाझम बारिश होने लगी। बारिश से कस्बे के बाजार एवं प्रमुख मार्गो में पानी भर गया। तहसील के ऑफिस कानूनगो लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर 17 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। कस्बा सूरौठ के अलावा जटवाडा, धुरसी, बाई जट्ट, रीझवास, जगनस्था, भुकरावली, धंधावली, सौंमला, सौंमली, हुक्मी खेडा, ढिंढोरा, खेड़ी हैवत, खिजूरी, नांगल सहित कई गांवों में करीब आधा घंटे तक बारिश हुई।



# मध्य प्रदेश में उठाएं बीच का मजा

## जरूर एक्सप्लोर करें ये मनमोहक और खूबसूरत जगह

मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं।

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हनुवंतिया

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

### इस जगह की खासियत

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का %मिनी गोवा% भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### सैलानियों के लिए क्यों है खास

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं।

हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

### वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं।

हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



# बारिश के मौसम का मजा लेना है तो महाराष्ट्र की इन जगहों पर जरूर जाएं



**परिवार या दोस्तों के साथ घूमना किसे पसंद नहीं होता? कई लोग ट्रिप पर जाने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं. खासकर अपने पार्टनर या गर्लफ्रेंड के साथ ट्रिप पर जाना कई लोगों को काफी खुशी देता है. इसलिए ज्यादातर लोग अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मस्ती करने के लिए खूबसूरत जगहों पर जाना पसंद करते हैं. अगर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताना चाहते हैं तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसी जगहों की जानकारी लेकर आए हैं जो जुलाई में कपल्स के घूमने के लिए बेस्ट जगह हैं. खबर के जरिए जानते हैं कि मानसून में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए कौन सी जगहें बेस्ट हैं.**

### लोनावाला

मानसून के मौसम में लोनावाला घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। इस जगह की खूबसूरती और प्रकृति का अनोखा नजारा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है. खासकर अगर प्रेमी जोड़े और नवविवाहित जोड़े यहां जाएं तो उन्हें बहुत मजा आएगा. क्योंकि यहां का भूशी डैम, टाइगर प्वाइंट, हरी-भरी पहाड़ियां, प्रकृति और खूबसूरत फूलों के बगीचे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. इसलिए यह जगह प्रेमी जोड़ों, नवविवाहितों और जोड़ों के लिए सबसे अच्छा पर्यटन स्थल माना जाता है.



### मुलशी

अगर आप अपने पार्टनर के साथ मानसून के मौसम का मजा लेना चाहते हैं तो पुणे के पास मुलशी घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है. क्योंकि यहां का इलाका बेहद खूबसूरत है. अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और प्रकृति के लिए मशहूर यह जगह पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है. खास तौर पर धुंध भरी पहाड़ियां और मुलशी डैम देखने लायक बेहद खूबसूरत जगह हैं.

### माथेरान हिल स्टेशन

माथेरान हिल स्टेशन अपने प्रेमी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह है. यह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है.मुंबई और पुणे के पास स्थित यह बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन अपनी हरी-भरी पहाड़ियों के साथ बेहद खूबसूरत नजारा देता है. ऐसी प्राकृतिक खूबसूरती के बीच अपने साथी के साथ हाथ में हाथ डालकर घूमना आपके बीच प्यार को और बढ़ा देगा. इसलिए माथेरान लवर्स के लिए एक बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट है.

### हरिश्चंद्रगढ़

खूबसूरत कॉफी बागानों में अपने प्रियतम के साथ गपशप करने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है. मानसून के मौसम में घूमने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है. जो लोग ट्रैकिंग करना चाहते हैं, वे इस जगह पर जा सकते हैं, बर्फीले पहाड़ों, कॉफी बागानों, हरे-भरे पेड़ों, रिमझिम बारिश के बीच कोंकण तट की खूबसूरती को निहार सकते हैं. आप अपने साथी के साथ खुशी के पल बिता सकते हैं। इसलिए, मानसून के मौसम में घूमने के लिए हरिश्चंद्रगढ़ सबसे अच्छी जगह है.

### लवासा

वरसगांव झील के किनारे स्थित लवासा में अनगिनत वाटर स्पोर्ट्स हैं. महाराष्ट्र में स्थित यह शहर इतालवी शहर पोर्टोफिनो की तर्ज पर बना है. यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सुव्यवस्थित बुनियादी ढांचे और मनोरंजक गतिविधियों के लिए जाना जाता है. यह जगह कपल्स के लिए बेहद रोमांचक हो सकती है.



# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

**कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।**

हिमाचल प्रदेश के सोलन ज़िले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊँचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम दृश्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

### कसौली का इतिहास और विशेषता

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहाँ आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

### प्रमुख आकर्षण

#### 1. मंकी पॉइंट

कसौली का सबसे ऊँचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहाँ से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के दृश्य साफ दिखाई देते हैं। यहाँ एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

#### 2. गिल्बर्ट ट्रेल

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

#### 3. क्राइस्ट चर्च

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियाँ देखने लायक हैं।

#### 4. सनसेट पॉइंट

शाम के समय यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

#### 5. कसौली ब्रुअरी

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

कसौली में करने योग्य गतिविधियाँ

– प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग

– स्थानीय बाजारों में शॉपिंग (हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि)

– फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग

– चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज

– शांत वातावरण में ध्यान और योग

यात्रा का सर्वोत्तम समय

मार्च से जून : गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर : साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी : बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कैसे पहुँचे कसौली?

हवाई मार्ग : निकटतम हवाई अड्डा चंडीगढ़ (लगभग 60 किमी) है।

रेल मार्ग : निकटतम रेलवे स्टेशन कालका (लगभग 25 किमी) है, जहाँ से टैक्सी या बस ली जा सकती है।

सड़क मार्ग : चंडीगढ़, शिमला, दिल्ली से सीधी बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहाँ प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com